RNI NO: UPHIN/2023/89251

वर्ष : 02
अंक : 323
शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत



पेज-2 पंचतत्व में विलीन हुए देवपालिक गुप्ता...
पेज-3 राजकीय बाल गृह का अधिकारियों ने....
पेज-4 दत्तात्रेय धाम की दीवार तोड़ने का प्रयास, महंत ने थाने....

संक्षिप्त समाचार

हरदीप पुरी मध्य प्रदेश से जाएंगे राज्यसभा

भोपाल। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को मध्य प्रदेश से



राज्यसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने बुधवार, 28 अक्टूबर को उनके नाम की घोषणा की। पुरी केंद्र सरकार में पेट्रोलियम मंत्री हैं। राज्यसभा की यह सीट केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। मुरुगन ने 14 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिपरिषद और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इस सीट पर 12 नवंबर को मतदान होगा और उसी दिन शाम पांच बजे मतगणना की जाएगी।

राजौरी में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़, हथियार बरामद

राजौरी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाकर हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया है। यह ठिकाना कंडी क्षेत्र के डोबा गली इलाके में मिला। बरामद सामग्री में अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (यूबीजीएल) के चार गोले, तीन हथगोले और पिका मशीनगन की दो बेल्ट शामिल हैं। इसके अलावा पिका के 101 कारतूस, पिस्तौल के 16 कारतूस और एके राइफल के 237 कारतूस भी मिले हैं। सुरक्षाबलों को मौके से एक एके बायोनेट, एक राइफल की दो मैगजीन, एक बैग और एक ग्राउंड शीट भी मिली। बरामद हथियारों और गोला-बारूद को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

11 क्षेत्रों में से 3 स्नातक और 6 शिक्षक क्षेत्र के उम्मीदवार विजयी घोषित

आधा दर्जन सीटों पर भाजपा तीन पर सपा का कब्जा

- लखनऊ एवं वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में देर रात तक मतगणना जारी

■ लखनऊ

यूपी विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चल रही मतगणना में बुधवार देर रात तक 9 सीटों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की ओर से जारी विज्ञप्ति में तीन स्नातक और छह शिक्षक क्षेत्रों के उम्मीदवारों को विजयी घोषित कर दिया गया है। लखनऊ एवं वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना जारी है। नतीजे घोषित हुई सीटों में भाजपा ने आधा दर्जन तो सपा ने तीन सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया है। वाराणसी एवं लखनऊ स्नातक क्षेत्र में देर रात मतगणना जारी होने की सूचना है। अंतिम परिणाम देर रात या गुरुवार सुबह जारी होने की संभावना है।

स्नातक खंड क्षेत्र

1. मेरठ खंड स्नातक : दिनेश कुमार गोयल (भाजपा), 2. आगरा खंड स्नातक : डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह (भाजपा), 3. इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक : डॉ. मान सिंह यादव (सपा), 4. लखनऊ खंड स्नातक : मतगणना जारी, 5. वाराणसी खंड स्नातक : मतगणना जारी

शिक्षक खंड क्षेत्र

1. लखनऊ खंड शिक्षक : उमेश द्विवेदी (भाजपा), 2. वाराणसी खंड शिक्षक : लाल बिहारी यादव (सपा), 3. आगरा खंड शिक्षक : डॉ. आकाश अग्रवाल (सपा), 4. मेरठ खंड शिक्षक : श्रीचंद शर्मा (भाजपा), 5. बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक : डॉ. हरि सिंह ढिल्लो (भाजपा), 6. गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक : ध्रुव कुमार त्रिपाठी (भाजपा)।

स्नातक से जीते भाजपा के गोयल और मानवेंद्र

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के मुताबिक मेरठ स्नातक क्षेत्र से भाजपा के दिनेश गोयल ने 24,929 मत हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने सपा प्रत्याशी प्रमेंद्र सिंह भाटी को 12,855 वोटों के अंतर से हराया। आगरा स्नातक क्षेत्र से भाजपा के डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कुल 42,743 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने सपा के शशांक यादव को 15,000 से अधिक वोटों से मात दी। शशांक यादव को 27,734 मत से संतोष करना पड़ा। इलाहाबाद-झांसी स्नातक क्षेत्र से सपा के डॉ. मान सिंह यादव 60,358 मत प्राप्त कर विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के अशोक कुमार राठौर को 27,663 वोटों के बड़े अंतर हराया। अशोक राठौर को 32,695 वोट ही प्राप्त हुए। लखनऊ स्नातक क्षेत्र और वाराणसी स्नातक क्षेत्र में मतगणना जारी है। लखनऊ में सपा की कांति सिंह एवं वाराणसी में आशुतोष सिन्हा आगे चल रहे हैं।



दिनेश गोयल



डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह

उमेश द्विवेदी ने लगाई जीत की हैट्रिक

इसके साथ ही, लखनऊ शिक्षक क्षेत्र से भाजपा के उमेश द्विवेदी ने 13,179 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। सपा प्रत्याशी सुशील कुमार 'बाबा' को 8,371 मत प्राप्त हुए। जीत का अंतर 4,808 मतों का रहा। उमेश द्विवेदी ने इस सीट पर हैट्रिक लगाई है। वाराणसी शिक्षक क्षेत्र में सपा के लाल बिहारी यादव ने 11,612 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा के डॉ. प्रमोद मिश्रा को 5,015 मतों से हराया। डॉ. मिश्रा को 6,597 मत से संतोष करना पड़ा। आगरा शिक्षक क्षेत्र से सपा के डॉ. आकाश अग्रवाल ने 14,046 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा के हरि किशोर तिवारी को 4263 मतों से मात दी। श्री तिवारी को 9783 मत ही मिल सके।



उमेश द्विवेदी

गोरखपुर में निर्दलीय से बमुश्किल जीते भाजपा के ध्रुव

वहीं, मेरठ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के श्रीचंद शर्मा ने सपा उम्मीदवार डॉ. नितिन तोमर को 13,241 मतों के भारी अंतर से हराकर लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की है। डॉ. नितिन तोमर को 4,858 वोट प्राप्त हुए। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक क्षेत्र से भाजपा के डॉ.हरि सिंह ढिल्लो ने कुल 21,672 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने सपा उम्मीदवार हाजी दानिश अख्तर को 17,676 वोटों के अंतर से हराया। दानिश अख्तर को 3,996 मत ही मिल सके। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक क्षेत्र से भाजपा के ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कुल 16,790 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव को कड़े मुकाबले में 307 मतों से हराया। सपा प्रत्याशी (भाजपा के बागी) डॉ. संजयन त्रिपाठी को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।



ध्रुव कुमार

मुख्यमंत्री ने विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 में विजयी सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि शिक्षकों एवं स्नातकों की आकांक्षाओं को सशक्त स्वर देंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा-विश्वास है कि आप सभी शिक्षकों एवं स्नातकों की आकांक्षाओं को सशक्त स्वर देते हुए उनके हितों के संरक्षण, शिक्षा के उन्नयन और प्रदेश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। आप सभी के यशस्वी कार्यकाल हेतु अनंत मंगलकामनाएं। गौरतलब है कि 23 अक्टूबर को छह शिक्षक एवं पांच स्नातक क्षेत्रों से विधान परिषद सदस्य के लिए मतदान हुआ था। 27 अक्टूबर से मतगणना प्रारंभ हुई थी।

बैलेट पेपर पर भी कांग्रेस का खाता बंद, प्रधानमंत्री मोदी ने कसा तंज

■ नई दिल्ली

चुनाव में हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने वाले विपक्ष के सामने इस बार बैलेट पेपर ने ही सवाल खड़ा कर दिया। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में विधान परिषद की 28 सीटों पर हुए चुनाव में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। इसी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटाक्ष करते हुए पूछा, 'बताइए, कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं?' उनके इस सवाल ने चुनावी सियासत में नई बहस छेड़ दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि चार बड़े राज्यों की 28 एमएलसी सीटों पर चुनाव बैलेट पेपर से कराए गए थे। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस की सीटों को लेकर सवाल किया और अपनी पोस्ट में व्यंग्यात्मक इमोजी भी जोड़ी। तंज साफ था—जब चुनाव मतपत्रों से हुए, तब नतीजों के लिए ईवीएम



को दोष देने का अवसर भी नहीं था। इन चुनावों से पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं, लेकिन पार्टी इस बार एक भी सीट नहीं जीत सकी। भाजपा ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि उसके सहयोगी दल जदयू और जद(एस) को भी एक-एक सीट मिली। भाजपा ने इसे कांग्रेस के जनसमर्थन में कमी का संकेत बताया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि बैलेट पेपर से हुए चुनाव में कांग्रेस का खाता न खुलना उसके आरोपों पर सवाल खड़े करता है। राज्यवार नतीजों में भी कई उलटफेर देखने को मिले।

दीपावली से पहले कर्मचारियों को मिला उपहार अभिनंदनीय : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुए केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों को अभिनंदनीय बताया। उन्होंने दीपावली से पहले कर्मचारियों को मिले इस उपहार की बधाई भी दी। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता (डीए) और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) में 3 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि को दी गई स्वीकृति अत्यंत अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि 1 जुलाई 2026 से प्रभावी यह वृद्धि 48.54 लाख केंद्रीय कर्मचारियों एवं 68.71 लाख पेंशनभोगियों के आर्थिक हितों की रक्षा और उनके जीवन में सुगमता सुनिश्चित करने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी। दीपावली से पूर्व कर्मचारियों को दिए गए इस उपहार हेतु आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा लिए गए अन्य फैसले को दूरदर्शी बताया। उन्होंने लिखा कि ?10,000 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2039-40 तक के लिए 'कंटेनर विनिर्माण संवर्धन योजना' (सीएमपीएस) को स्वीकृति आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना भारत में विश्व स्तरीय विनिर्माण इकोसिस्टम के विकास, आयात पर निर्भरता में कमी और आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे भारत वैश्विक कंटेनर विनिर्माण एवं निर्यात के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। मुख्यमंत्री योगी ने देश के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तीकरण को प्राथमिकता देने वाले इस दूरदर्शी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन किया।

इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन एवं इंडस्ट्री का प्रमुख केंद्र बन रहा यूपी

- मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को 2017 के पश्चात आए बदलाव से अवगत कराया

■ लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन एवं इंडस्ट्री का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर 2017 के पश्चात आए बदलाव से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले वैश्विक निवेश आकर्षित करने की स्पष्ट दृष्टि थी न कोई ठोस कार्ययोजना। डबल इंजन सरकार ने स्थिति को बदला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र से निवेश एवं औद्योगिक विकास की नई कार्य-संस्कृति विकसित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीतियों और निवेश अनुकूल वातावरण से अब यूपी इन्वेस्टमेंट, इनोवेशन एवं इंडस्ट्री का प्रमुख केंद्र बन रहा है। इसी बढ़ते वैश्विक विश्वास को नई ऊंचाई देने के लिए सिंगापुर के डेलीगेशन के साथ बैठक में यूपी में निवेश की नई संभावनाओं, वर्तमान परियोजनाओं को गति देने और निवेश को धरातल पर उतारकर उत्पादन शुरू करने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि हर निवेश से नया उद्योग, हर उद्योग से नया रोजगार और हर रोजगार से परिवारों में खुशहाली के संकल्प के साथ यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

(संबंधित समाचार पृष्ठ-7 पर पढ़ें)

त्रैमासिक समीक्षा बैठक में वरिष्ठ सुरक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने रखे सुझाव

और सुदृढ़ होगी श्रीरामलला की सुरक्षा-व्यवस्था, उच्च स्तरीय मंथन

■ अयोध्या



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र परिसर स्थित यात्री सुविधा केन्द्र के सभागार में बुधवार को सुरक्षा व्यवस्था की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अयोध्या तथा विशेष रूप से श्री राम जन्मभूमि परिसर एवं श्री रामलला विराजमान की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य मंदिर परिसर के प्रत्येक भाग की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा सुधार की आवश्यकता वाले बिन्दुओं को चिन्हित कर उन्हें दूर करना रहा। अधिकारियों ने सुरक्षा घेरे को और सुदृढ़ बनाने तथा सतर्कता बनाये रखने के संबंध में अपने सुझाव रखे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव पूज्य स्वामी गोविन्द देव गिरि महाराज ने बैठक की अध्यक्षता की। वे कोलकाता से ऑनलाइन जुड़े। उन्होंने अधिकारियों के विचारों एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने सुझाव भी दिए।

बैठक में पुलिस महानिदेशक (सुरक्षा) अमरेन्द्र कुमार सेंगर, अपर पुलिस महानिदेशक (लखनऊ जोन) प्रवीण कुमार, आसूचना ब्यूरो (आईबी) की अपर महानिदेशक विनीता शर्मा तथा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के उपमहानिरीक्षक विनय नेगी ने सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के सम्बन्ध में अपने विचार रखे। समाचार प्रबंधक सुभाष चंद्र सिंह के मुताबिक ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्र (सेवानिवृत्त), सचिव जगदीश आफले, पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) विजय शंकर मिश्रा तथा मन्दिर के सुरक्षा प्रभारी केके तिवारी उपस्थित रहे। बैठक में अयोध्या के मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सहभागिता की।

मां-बेटी की मौत के मामले में भारतीय मूल के दो लोगों को जेल

लीड्स (इंग्लैंड)। इंग्लैंड के उत्तरी हिस्से में तेज रफ्तार कारों के बीच सड़क पर हुई प्रतिस्पर्धा एक मां और उसकी चार साल की बेटी के लिए जानलेवा साबित हुई थी। इस मामले में अदालत ने भारतीय मूल के दो लोगों को 28 साल की जेल की सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान 29 वर्षीय हरदीप भाचू और 37 वर्षीय जसकमल रियात के रूप में हुई है। भाचू को 12 साल और रियात को 16 साल कैद की सजा दी गई है। हादसे में 27 वर्षीय जस्टिना हुलबोज और उनकी बेटी लीना चेपचोर की मौत हो गई थी। दोनों जनवरी 2023 में लीड्स की स्कॉट हॉल रोड पर पैदल स्कूल जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। मामले की सुनवाई लीड्स क्राउन कोर्ट में हुई, जहां दोनों आरोपियों को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के कारण हुई मौतों के लिए दोषी ठहराया गया।

बिजली उपभोक्ताओं को दिवाली उपहार, नवंबर के बिल में 9.17 प्रतिशत की मिलेगी छूट

■ लखनऊ

बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर-2026 के बिजली बिल में योगी सरकार से बड़ी राहत मिलने जा रही है। फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीएएएस) के तहत उपभोक्ताओं को 9.17 प्रतिशत की राहत दी जाएगी। इससे नवंबर के बिजली बिल में लागू बिजली शुल्क कम होंगे और घरेलू, व्यावसायिक एवं अन्य उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। यह लगातार पांचवां महीना है, जब उपभोक्ताओं को नकारात्मक एफपीएएएस के माध्यम से राहत मिल रही है। यूपीपीसीएल के अनुसार, उपभोक्ताओं को जुलाई में 4.43 प्रतिशत, अगस्त में 2.92 प्रतिशत, सितंबर में 7.93 प्रतिशत और अक्टूबर में 5.24 प्रतिशत की राहत दी गई थी। अब नवंबर में यह राहत बढ़कर 9.17% हो गई है। इससे उपभोक्ताओं को पांच महीने बिजली बिल में राहत का लाभ मिलेगा। एफपीएएएस व्यवस्था के तहत बिजली खरीद और ईंधन की वास्तविक लागत टैरिफ में शामिल लागत से कम होने पर उसका लाभ उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत के रूप में दिया जाता है।

भारत में कभी तख्तापलट नहीं हो सकता : बाबा रामदेव

हरिद्वार। योग गुरु स्वामी रामदेव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नेताओं को अपने वक्तव्यों में संयम रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल नेता जिस तरह की बातें कर रहे हैं, भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें या सद्गति। रामदेव ने सनातन धर्म और देवी-देवताओं को लेकर कथित अपमानजनक टिप्पणियों पर भी नाराजगी जताई।

हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रामदेव ने कहा कि भारत में तख्तापलट जैसी स्थिति कभी नहीं हो सकती। उन्होंने सनातन परंपरा को सभी धर्मों का आधार बताते हुए उसके प्रति सम्मान रखने की बात कही।

साइबर सुरक्षा प्रणाली उन्नत करने का आदेश दिया

जम्मू। जम्मू-कश्मीर सरकार ने सभी सरकारी विभागों और संगठनों को निर्देश दिया है कि वे साइबर सुरक्षा को मजबूत करें और उभरते साइबर खतरों से सरकारी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे की सुरक्षा करें। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के आयुक्त-सचिव एम। राजू ने एक परिपत्र जारी कर सभी सरकारी विभागों और संगठनों को 'यूनिफाइड एंडपॉइंट मैनेजमेंट' (यूईएम) और 'एंडपॉइंट डिटेक्शन एंड रिस्पांस' (ईडीआर) समाधान के उन्नत संस्करण लागू करने का निर्देश दिया है। परिपत्र में सभी विभागाध्यक्षों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और निगमों से कहा गया है कि वे सुरक्षित और जवाबदेह ई-गवर्नेंस के हित में यूईएम और ईडीआर के नए संस्करण स्थापित करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की टीम को पूरा सहयोग दें।

गुजरात दौरे से हरियाणा को 50 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- डिफेंस, रियल एस्टेट और तेल-गैस क्षेत्र में 25 हजार करोड़ के निवेश की संभावना
- सेमीकंडक्टर और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को भी बढ़ावा

■ नई दिल्ली

हरियाणा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दो दिवसीय गुजरात दौरे के दौरान 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। गांधीनगर में उद्योगपतियों और निवेशकों के साथ हुई बैठकों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। सरकार को उम्मीद है कि इन प्रस्तावों के क्रियान्वयन से प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ेंगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

बुधवार को हुए समझौतों में रक्षा, रियल एस्टेट और तेल एवं गैस क्षेत्र में लगभग 25 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं। कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1,400 करोड़ रुपये तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में 2,900 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। संपीड़ित जैव गैस और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों में भी निवेश के लिए समझौते हुए। दौरे के पहले दिन लगभग 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

मुख्यमंत्री ने उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह की मौजूदगी में निवेशकों से व्यक्तिगत बैठकें कीं। उन्होंने उद्योगपतियों को हरियाणा की उद्योग-अनुकूल नीतियों, बुनियादी ढांचे, बेहतर संपर्क सुविधाओं और कुशल मानव संसाधन की जानकारी देते हुए प्रदेश में कारोबार विस्तार के लिए आमंत्रित किया। सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाने में हरियाणा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार 'विकसित भारत-विकसित हरियाणा' के संकल्प के अनुरूप प्रदेश को विनिर्माण और औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए प्रयासरत है। हरियाणा और गुजरात के बीच औद्योगिक सहयोग बढ़ने से तकनीकी नवाचार, उत्पादन क्षमता और रोजगार सृजन को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को अप्रैल 2027 में प्रस्तावित 'हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल समिट' में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

प्रवर्तन निदेशालय ने 426.46 करोड़ की संपत्ति को अपराध की कमाई बताया

ईडी ने अटैच की जौहर यूनिवर्सिटी की 1,170 करोड़ की संपत्ति

- 59 भवनों के निर्माण पर खर्च हुए 494.46 करोड़, पूर्व मंत्री आजम खां के ट्रस्ट पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

■ लखनऊ




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की जमीन और भवनों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। इसका मूल्य 426.46 करोड़ है, जबकि बाजार मूल्य 1,170 करोड़ आंका गया है। ईडी ने यह कार्रवाई मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट, पूर्व मंत्री मो. आजम खां और अन्य के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की है।

ईडी के मुताबिक विश्वविद्यालय निर्माण में सरकारी धन, निर्माण सामग्री और ठेकेदारों से जुड़ी रकम का कथित तौर पर इस्तेमाल किया गया। जांच में सामने आया कि ठेकों से मिली रकम का हिस्सा खपाया गया। कुछ ठेकेदारों ने चंदा भी दिया। जांच एजेंसी ने किसानों की जमीन कब्जाने से जुड़ी 26 एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इनमें पूर्व मंत्री आजम खां एवं करीबियों का नाम है। शत्रु संपत्ति की जमीन पर कब्जे, नगर पालिका की मशीनों के इस्तेमाल से जुड़े 28 अन्य मामलों को भी जांच में शामिल किया गया है। 59 भवनों की निर्माण लागत 494.46 करोड़ और जमीन का मूल्य 4.63 करोड़ आंका गया। इस तरह कुल लागत 499.09 करोड़ है। जबकि ट्रस्ट ने आयकर रिटर्न में 78.32 करोड़ खर्च दिखाया। जांच में 12.29 करोड़ के चंदे को गैर-वास्तविक पाए जाने के बाद वैध स्रोतों से समझाई जा सकने वाली राशि 72.63 करोड़ आंकी गई। शेष 426.46 करोड़ को ईडी ने अपराध से अर्जित बताया। लिहाजा जमीन और भवनों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। संपत्तियों का मौजूदा बाजार मूल्य 1,170 करोड़ बताया गया है।

सरकारी धन खर्च करने का आरोप

ईडी ने आरोप लगाया कि पंडाल, छात्रावास और अस्पताल ब्लॉक सहित अन्य निर्माण के लिए सरकारी धन खर्च किया गया। पंडाल के स्वामित्व और सरकारी उपयोग की शर्तों में बदलाव किए जाने का मामला भी जांच के दायरे में है। इससे पहले ईडी ने 19 अगस्त 2026 को विश्वविद्यालय में तलाशी लेकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण तथा दस्तावेज जब्त किए थे। आगे भी जांच जारी रहेगी।

ढएळ परीक्षा के चलते प्रयागराज में 30 अक्टूबर को स्कूल बंद - DIOS ने जारी किया आदेश, CBSE और ICSE बोर्ड पर भी लागू



प्रेषक,
जिला विद्यालय निरीक्षक,
प्रयागराज।
सेवा में
समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय/अशासकीय माध्यमिक विद्यालय/सीबीएसई/आईसीएसई/समस्त बोर्ड
प्रयागराज।
पत्रांक/अनु0परीक्षा/)3298-306 /2026-27 दिनांक 29-10-2026
विषय- प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2026 के सकुशल आयोजन हेतु अवकाश के सम्बन्ध में।
महोदय,
उपरि, उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के पत्र संख्या-1447/36 (परीक्षा-1)/2026 छाप्रू-2 दिनांक 07.10.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विज्ञापन संख्या-16-परीक्षा/2026, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2026 की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 25 अक्टूबर (रविवार), 30 अक्टूबर 2026 (शुक्रवार) व 01 नवम्बर, 2026 (रविवार) को प्रातिनिधि दो पालियों (पूर्वाह्न पत्र प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं अपराह्न पत्र अपराह्न 3.00 बजे से 5.00 बजे तक) में आयोजन कराया जा रहा है।
उक्त के क्रम में शिक्षा निदेशक (मा0), उत्तर प्रदेश, लखनऊ के शिविर/2991(3-30025/2026-27 दिनांक 16.10.2026 के द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2026 की लिखित परीक्षा से सम्बन्धित जनपदों में दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 (शुक्रवार) को एक दिवस का शैक्षणिक अवकाश रहेगा, के निर्देश दिये गये हैं।
उक्त के अनुपालन में समस्त प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय में दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 (शुक्रवार) को एक दिवस का शैक्षणिक अवकाश रहेगा समस्त प्रधानाचार्य उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।
भवदीय,
डी0 (सन्तोष कुमार राय)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज
पृष्ठांकन संख्या/परीक्षा/)3298-306 /2026-27 तद्दिनांक।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. पत्रित उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
3. अपर जिलाधिकारी (वित्त)/नोडल परीक्षा अधिकारी, प्रयागराज।
4. अपर जिलाधिकारी (वि/शा)/नोडल परीक्षा अधिकारी, प्रयागराज। नोडल, जनगणना।
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज।
6. सम्बन्धित प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या (जहाँ सम्बन्धित प्रयका0/स0अ0 कार्यरत हैं) अपने से सम्बन्धित शिक्षकों को यथानुसार कार्यवाही हेतु।
7. सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या/प्रभारी/सहायक अध्यापक को अनुपालनार्थ।
8. सम्बन्धित सहायक अध्यापक (अंतरीक्षक) को यथानुसार अनुपालनार्थ।
डी0 (सन्तोष कुमार राय)
जिला विद्यालय निरीक्षक
प्रयागराज

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा ढएळ-2026 के सकुशल आयोजन के लिए प्रयागराज जिले में 30 अक्टूबर को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. संतोष कुमार राय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।ऊक्कहर द्वारा जारी आदेश संख्या 13298-306 / 2026-27 दिनांक 29 अक्टूबर के अनुसार यह अवकाश राजकीय, अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई और समस्त बोर्ड के विद्यालयों में लागू रहेगा। सभी प्रधानाचार्यों को इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा ढएळ-2026 की लिखित परीक्षा 25 अक्टूबर, 30 अक्टूबर और 01 नवंबर को आयोजित की जा रही है। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए शिक्षा निदेशक माध्यमिक लखनऊ ने 16 अक्टूबर को निर्देश जारी कर परीक्षा वाले जनपदों में 30 अक्टूबर को शैक्षणिक अवकाश रखने को कहा था।इसी क्रम में सचिव वढररउ लखनऊ के पत्र संख्या 1447/36 दिनांक 07.10.2026 के संदर्भ में प्रयागराज में भी अवकाश का आदेश जारी किया गया है।ऊक्कहर ने आदेश की प्रति जिलाधिकारी प्रयागराज, अपर जिलाधिकारी नगर जो नोडल परीक्षा अधिकारी हैं, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और सभी केंद्र व्यवस्थापकों को भी भेजी है, ताकि परीक्षा की तैयारियां समय से पूरी हो सकें।

एमएलसी चुनाव में सपा की जीत पर गौहनिया में जश्न-ए-समाजवाद - डॉ. मान सिंह यादव की जीत पर मिठाई बांटकर मनाई खुशी

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



शंकरगढ़,प्रयागराज। झांसी-प्रयागराज स्नातक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव की प्रचंड जीत पर गौहनिया बाजार में समाजवादी कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया। कार्यकताओं ने अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में मिठाई बांटकर एक-दूसरे को जीत की बधाई दी।जैसे ही जीत की खबर गौहनिया पहुंची, सपा कार्यकताओं में उत्साह दौड़ गया। बाजार में सपा जिंदाबाद, डॉ. मान सिंह यादव जिंदाबाद और अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारे गूंजने लगे। कार्यकताओं ने कहा कि यह जीत शिक्षा और स्नातक बेरोजगारों की जीत है।नेतृत्व कर रहे अशोक कुमार यादव ने कहा कि डॉ. मान सिंह यादव हमेशा स्नातकों, शिक्षकों और युवाओं की आवाज बनकर लड़े हैं। स्नातक मतदाताओं ने उनकी ईमानदार छवि और समाजवादी विचारधारा पर मुहर लगाई है। यह जीत 2027 के विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है, जिसमें जनता ने संकेत दे दिया है कि अगली सरकार समाजवादी पार्टी की होगी।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में स्नातक युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, पेपर लीक और भर्ती घोटालों से त्रस्त हैं। ऐसे में डॉ. मान सिंह की जीत उम्मीद की नई किरण है।इस मौके पर राजा बाबू यादव, अहमद, शेरा यादव, आलोक यादव, नफीस अहमद, सुनील पांडे, शोभा भारतीय, अरमान, भोला पाठक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। देर शाम तक गौहनिया बाजार में मिठाई वितरण और नारेबाजी का दौर चलता रहा।

लोहगरा गांव में भागवत महापुराण का दिव्य शुभारंभ, बहन को यजमान बनाकर शुक्ल परिवार ने दिया नारी सम्मान का संदेश



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

बारा,प्रयागराज। यमुनानगर के तहसील बारा क्षेत्र अंतर्गत लोहगरा गांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का भव्य और दिव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के अवसर पर गांव में निकाली गई विशाल कलश यात्रा में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और राधे-राधे के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो गया।इस पावन ज्ञान यज्ञ का आयोजन राधेश्याम शुक्ला एवं उनके सभी भाइयों द्वारा किया गया है। आयोजकों ने इस बार समाज के सामने एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी बड़ी बहन को इस कथा का मुख्य श्रोता और यजमान के रूप में स्थापित किया है। भाइयों द्वारा बहन को यजमान बनाकर सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और भाई-बहन के अटूट प्रेम का महान संदेश दिया गया है, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।कथा का रसपान कराने के लिए श्रीधाम वृंदावन से सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री अरविन्द कुमार शास्त्री जी महाराज पधारे हैं। उनके मुखारविंद से भागवत कथा सुनने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह ज्ञान यज्ञ सात दिनों तक चलेगा।
इस दिव्य कलश यात्रा में गिरिजा शंकर तिवारी, शिव शंकर तिवारी, राम कीर्तन मिश्र, रामकृष्ण मिश्र, भावी प्रधान चन्द्रा अनिल चन्द्र शुक्ल मनोज, त्रिभुवन प्रसाद दुबे, विमल चन्द्र दुबे, मंगला प्रसाद शुक्ल, अनिरुद्ध दुबे, रामभोला त्रिपाठी, निर्भय शंकर दुबे, सुख सागर दुबे, विद्या सागर दुबे, विजय दुबे फौजी, विश्वबंधु दुबे, सुग्रीव प्रसाद शुक्ल, संतोष दुबे, अविनाश त्रिपाठी, युवा समाजसेवी रामू शुक्ल, अंकित त्रिपाठी, भगवत दुबे सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल रहीं।

सोरांव नहर में बाइक सवार का शव मिलने से सनसनी - देर रात हादसे की आशंका, पुलिस ने शुरू की जांच

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



सोरांव,प्रयागराज। यमुनानगर अंतर्गत सोरांव थाना क्षेत्र के बलकरनपुर से मोहम्मदपुर नौगवां डिहवा मार्ग पर नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव और स्प्लेंडर बाइक मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह नहर किनारे गए ग्रामीणों ने शव को तैरते देखा तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई।जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने नहर में शव के साथ यूपी 70 एफएच 5846 नंबर की स्प्लेंडर बाइक भी देखी। तुरंत इसकी सूचना सोरांव थाने को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव और बाइक को नहर से बाहर निकलवाया।मृतक की उम्र करीब 35 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है। उसने काली शर्ट पहन रखी थी। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस का मानना है कि रात के अंधेरे में अनियंत्रित होकर बाइक नहर में गिर गई होगी, जिससे युवक की डूबने से मौत हो गई। हालांकि पुलिस हादसा और हत्या दोनों एंगल से जांच कर रही है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर वाहन स्वामी की तलाश की जा रही है, जिससे मृतक की पहचान हो सके। आसपास के थानों में भी गुमशुदगी की सूचना खंगाली जा रही है। सोरांव पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बजरंग चौराहे पर गूंजे जय श्रीराम के जयकारे - रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत, कौंधियारा पुलिस रही मुस्तैद

इंडिपेंडेंट भारत कौंधियारा/प्रयागराज आशीष तिवारी



कौंधियारा,प्रयागराज। कौंधियारा क्षेत्र के बारी बजहिया स्थित बजरंग चौराहे पर इस वर्ष भी दशहरा मेला बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध लीला के मंचन के बाद रावण दहन होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस मेले ने क्षेत्र में सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।मेले को देखने के लिए बारी बजहिया के साथ ही आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में जबरदस्त उत्साह देखा गया। मेले में लगी दुकानों, झूलों और चाट-पकौड़ी के स्टालों पर दिनभर भीड़ लगी रही।
सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कौंधियारा थानें की पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। बारी बजहिया हलके के एसआई अंकित तिवारी और एसआई नरेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल ने चौराहे से लेकर मेला स्थल तक कड़ी निगरानी रखी। भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में पुलिस की भूमिका सराहनीय रही, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।बाल रामलीला कमेटी बारी बजहिया के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पटेल सेठ ने मेले को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासियों, कार्यकताओं और कौंधियारा पुलिस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से ही हर साल की तरह इस साल भी दशहरा मेला शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सका। यह मेला केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों को जीवित रखने का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी पटेल, वरिष्ठ पत्रकार राजेश चतुर्वेदी, आशीष तिवारी, परवेज आलम,आशीष पटेल, विपिन कुमार पटेल, बिमलेश कुमार पटेल सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जीएसटी सुधारों पर जीएसटी विभाग ने किया "सहजकर संवाद" का आयोजन

व्यापारियों को 57वीं जीएसटी परिषद के सरलीकरण निर्णयों की दी गई जानकारी



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज कसेंट्रल जीएसटी आयुक्तालय इलाहाबाद द्वारा 29 अक्टूबर को सिविल लाइंस स्थित जीएसटी भवन के महाकुंभ सभागार में 57वीं जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए सुधारों और सरलीकरण पर जागरूकता के लिए "सहजकर संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ कर सलाहकार एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डॉ. पवन जायसवाल ने बताया कि जीएसटी परिषद ने रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सुधार कर तीन कार्य दिवस के अंदर रजिस्ट्रेशन, लेट फीस कम करने, रिफंड प्रक्रिया आसान कर 10 दिन के भीतर रिफंड, 10 हजार रुपये से कम की कर राशि पर कोई नोटिस जारी न करने और लंबित छोटे नोटिस वापस लेने जैसे निर्णय लिए हैं।उन्होंने यह भी बताया कि वस्तुओं की निर्बाध आवाजाही के लिए निरीक्षण, निरुद्धीकरण या जब्ती केवल आपूर्तिकर्ता या गंतव्य राज्य के अधिकारी ही कर सकेंगे, अवरोधन के लिए विशिष्ट खुफिया जानकारी और संयुक्त आयुक्त स्तर की अनुमति जरूरी होगी। कर व्यवस्था सरल बनाने के लिए गिरफ्तारी के प्रावधान को हटाने और अभियोजन की सीमा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़ करने की सिफारिश की गई है, जिससे व्यापारी निडर होकर व्यापार कर सकेंगे।आयुक्त सेंट्रल जीएसटी रंजीत कुमार ने व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं के हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार गोयल ने भी विचार साझा किए। संयुक्त आयुक्त राहुल टी परमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी, सीए, टैक्स कंसल्टेंट और अधिवक्ता शामिल रहे।

दीपावली पर लालापुर पुलिस अलर्ट, अवैध पटाखा भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाई - थानाध्यक्ष बृजेश सिंह की चेतावनी



इंडिपेंडेंट भारत लालापुर/प्रयागराज राहुल द्विवेदी

लालापुर,प्रयागराज। दीपावली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए लालापुर थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने अवैध पटाखा कारोबारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि बिना वैध लाइसेंस के पटाखों की बिक्री, अवैध भंडारण और सुरक्षा मानकों की अनदेखी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।थाना प्रभारी ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की बिक्री अचानक बढ़ जाती है, जिससे आगजनी, हादसे और जन-सुरक्षा को खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए पुलिस का पूरा जोर इस बात पर है कि पटाखों का भंडारण अग्नि-सुरक्षा मानकों के अनुरूप हो और बिक्री केवल शासन द्वारा अधिकृत सुरक्षित स्थानों पर ही की जाए। त्योहार की आड़ में नियमों को ताक पर रखकर कारोबार करने वालों को चिन्हित कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।उन्होंने बताया कि त्योहार को देखते हुए पूरे थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। बाजारों में भीड़भाड़, यातायात और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है।थाना प्रभारी ने सभी पटाखा कारोबारियों से अपील की है कि वे लाइसेंस, भंडारण और बिक्री संबंधी सभी नियमों का पालन करें। उन्होंने दो टूक कहा कि दीपावली की खुशियों के बीच आमजन की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी। नियम तोड़ने पर नियमानुसार ऋक्ष दर्ज कर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आम जनता से भी सुरक्षित त्योहार मनाने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।

नवाबगंज में जमीन में गड़ा मिला काला धन - 3 ड्रमों में 5 करोड़ से ज्यादा कैश, राकेश उर्फ महाकाल के घर पर DCP की रेड

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



नवाबगंज,प्रयागराज। प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के बरईपुर रामनगर गांव में बुधवार शाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई से हड़कंप मच गया। पुलिस ने एक घर के अंदर जमीन में गाड़कर रखे तीन ड्रमों से 500 रुपये के नोटों की गड्डियों का जखीरा बरामद किया है। शुरूआती गिनती में ही रकम 5 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है, जबकि ग्रामीण 60 करोड़ तक की चर्चा कर रहे हैं।मुखबिर की सटीक सूचना पर डीसीपी गंगानगर सोनम कुमार और एडीसीपी की अगुवाई में 40 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम ने बुधवार शाम छापा मारा। कार्रवाई को गोपनीय रखने के लिए पहले गांव की बिजली कटवाई गई, फिर राकेश यादव उर्फ महाकाल के घर को घेरकर खुदाई कराई गई। जमीन में गहरे गड़े तीन प्लास्टिक के ड्रम मिले, जिनमें ठूंस-ठूंसकर 500 के नोटों के बंडल भरे थे। ड्रम खुलते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए।
पुलिस ने घर से चार लोगों को हिरासत में लिया है और पूरे मकान को सील कर दिया है। सूचना मिलते ही इनकम टैक्स विभाग की टीम नोट गिनने की मशीनों के साथ मौके पर पहुंच गई और देर रात तक नोटों की गिनती जारी थी।बताया जा रहा है कि आरोपी राकेश पहले पुणे में काम करता था। 2020 में लॉकडाउन के दौरान वह गांव लौटा था। इसके बाद अचानक उसकी आर्थिक स्थिति बदल गई। उसने गांव में जमीनें, ट्रैक्टर और गाड़ियां खरीदनी शुरू कर दी। हाल ही में पड़ोसी से झगड़े के बाद गांव में चर्चा तेज हुई और किसी ने पुलिस को गुप्त सूचना दे दी, जिसके बाद यह बड़ा खुलासा हुआ।

अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न, नगर मजिस्ट्रेट ने की अध्यक्षता

महिला अपराध, पॉक्सो और गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी के निर्देश

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशन और नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को संगम सभागार में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में लंबित अभियोजन प्रकरणों, गंभीर अपराधों से संबंधित मामलों तथा न्यायालयों में लंबित वादों की विस्तार से समीक्षा की गई। पिछले माह गंभीर अपराधों में कितने मामले बरी हुए और कितनों में अपील हुई, इस पर भी चर्चा की गई।नगर मजिस्ट्रेट ने सभी शासकीय अधिवक्ताओं और अभियोजन संवर्ग के अधिकारियों को जघन्य अपराधों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी प्रकरणों में प्रभावी पैरवी हो, विशेष रूप से महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट, मादक पदार्थों से संबंधित प्रकरणों और अन्य गंभीर मामलों में त्वरित निस्तारण के लिए प्रभावी पैरवी की जाए। जिन प्रकरणों में सम्मन/तामीला नहीं हो रहा है, उनमें अधिक से अधिक सम्मन तामीला कराकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।
लंबित मामलों के कारणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक अभिलेख समय से न्यायालय में प्रस्तुत करने को कहा गया। बैठक में संयुक्त निदेशक अभियोजन, जिला शासकीय अधिवक्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शिवम् द्विवेदी को मिली बड़ी जिम्मेदारी - भारतीय सद्भावना मंच युवा प्रकोष्ठ के प्रयागराज मंडल अध्यक्ष नियुक्त

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। भारतीय सद्भावना मंच युवा प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए युवा समाजसेवी शिवम् द्विवेदी को प्रयागराज मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की गई है। उनके मनोनयन से जिले भर के कार्यकताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है।भारतीय सद्भावना मंच आरएसएस की विचारधारा से प्रेरित संगठन है, जो देशभर में सामाजिक सद्भाव, एकता और राष्ट्र सेवा के कार्यों में जुटा है। संगठन के प्रदेश नेतृत्व ने शिवम् द्विवेदी की सक्रियता, समर्पण और युवाओं में पकड़ को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा है।संगठन ने उम्मीद जताई है कि शिवम् द्विवेदी अपने पद का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। उनके नेतृत्व में प्रयागराज मंडल में संगठन की गतिविधियां और तेज होंगी। युवाओं को सामाजिक एकता, सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मंडल के सभी जिलों में संगठन विस्तार और नई कार्यकारिणी गठन की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गई है।मनोनयन की सूचना पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। विराट द्विवेदी, सुमित द्विवेदी, शुभम सिंह, अनुराग यादव, मनोज दुबे सहित कई शुभचिंतकों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समर्थकों का कहना है कि शिवम् द्विवेदी लंबे समय से सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय हैं और उनके नेतृत्व में युवा वर्ग संगठन से बड़ी संख्या में जुड़ेगा।

यमुनापार में बेखौफ लुटेरे - पल्लेदार को पीटकर स्प्लेंडर लूटी, करमा पुलिस से न्याय की गुहार

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



घूरपुर,प्रयागराज। यमुनानगर तहसील बारा अंतर्गत थाना घूरपुर स्थित करमा चौकी क्षेत्र में लुटेरों के हौसले बुलंद हैं। तीन बदमाशों ने देर रात घर लौट रहे एक पल्लेदार युवक को रोककर बेरहमी से मारपीट की और उसकी बाइक व नकदी लूटकर फरार हो गए। वारदात से क्षेत्र में दहशत फैल गई है।पीड़ित पंच लाल बिंद पुत्र प्यारे लाल बिंद नैनी में पल्लेदार का काम करता है और वर्तमान में पंवर सुक्खू का पूरा गांव स्थित ससुराल में रहता है। प्रतिदिन की तरह वह रात 10 बजे काम से छूटकर अपनी काली स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूपी 70 ईयू 4052 से घर लौट रहा था।रात करीब 11 बजे जब वह बरौली गांव के समीप केडी स्कूल व लिसोरे बाबा मंदिर के पास पहुंचा, तभी पहले से घात लगाए खड़े तीन युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की, जेब में रखे कुछ रुपये छीन लिए और बाइक लेकर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। देर रात होने के कारण पीड़ित को कोई मदद नहीं मिल सकी।किसी तरह पीड़ित ने करमा चौकी पहुंचकर लिखित तहरीर दी और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित ने बताया कि बाइक ही उसके रोजी-रोटी का सहारा है, जिसके बिना नैनी आना-जाना मुश्किल हो जाएगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि करमा-बरौली मार्ग पर रात में पुलिस गश्त न होने से आए दिन लूट की घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने पुलिस आयुक्त प्रयागराज और डीसीपी यमुनापार से रात्रि गश्त बढ़ाने और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद करने की मांग की है।

पंचतत्व में विलीन हुए देवपालिक गुप्ता, अंतिम संस्कार में पहुंचे प्रशांत किशोर

जन सुराज के डिजिटल कम्युनिकेशन मैनेजर की संदिग्ध मौत पर उठे सवाल, बड़े भाई ने जताई हत्या की आशंका

इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। जन सुराज पार्टी के डिजिटल कम्युनिकेशन मैनेजर और कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गोडरिया गांव निवासी देवपालिक गुप्ता का गुरुवार सुबह मालाही घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। सुबह करीब 8:30 बजे हुए अंतिम संस्कार के दौरान उनके बड़े भाई तारकेश्वर गुप्ता ने मुखाग्नि दी। जन सुराज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत किशोर भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे। देवपालिक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिवार और परिचितों में शोक है। वहीं, बड़े भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रशांत किशोर ने घटना को बेहद दुखद बताते हुए कहा कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि देवपालिक ट्रेन से गिरे थे या उन्हें गिराया गया था। इस बीच देवपालिक के साथ यात्रा कर रहे सहकर्मियों निशांत कुमार और गौतम के बयान से उनके लापता होने से पहले के घटनाक्रम की जानकारी सामने आई है।



मुझे बहुत तेज भूख लग रही है कहकर गए थे पेंट्री कार की ओर

सहकर्मियों निशांत कुमार और गौतम के मुताबिक, 26 अक्टूबर को रांची से पटना लौटते समय देवपालिक ने कहा था, ह्यमुझे बहुत तेज भूख लग रही है।ह्ल इसके बाद वह खाने का सामान लेने के लिए ट्रेन की पेंट्री कार की ओर चले गए। साथियों को उम्मीद थी कि वह कुछ देर में लौट आएंगे, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वह अपनी जगह पर नहीं पहुंचे। सहकर्मियों के अनुसार, जब देवपालिक वापस नहीं लौटे तो उन्होंने ट्रेन के अलग-अलग डिब्बों में उनकी तलाश शुरू की। मोबाइल फोन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन बंद मिला।

अगले दिन रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में मिला शव

देवपालिक के लापता होने के अगले दिन 27 अक्टूबर को झारखंड के रांची जिले में रेलवे ट्रैक के पास झाड़ियों में उनका शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद राजकीय रेल पुलिस (जीआरपी) ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने मामले में अप्राकृतिक मृत्यु दर्ज की गई और घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच कराई गई। शव का पोस्टमार्टम भी किया गया। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण और चोटों की प्रकृति के संबंध में अंतिम निष्कर्ष सामने आना बाकी है।

बड़े भाई ने जताई हत्या की आशंका

देवपालिक के बड़े भाई तारकेश्वर गुप्ता ने अपने भाई की मौत को लेकर गंभीर संदेह जताया है। उनका कहना है कि देवपालिक पटना से अकेले रांची के लिए निकलना और अचानक रास्ते में दो सहकर्मी मिलना फिर वापसी में अचानक ट्रेन से लापता होना कोई संयोग नहीं हो सकता है। फिर अगले दिन शव मिलने की परिस्थितियां कई सवाल खड़े करती हैं। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। तारकेश्वर गुप्ता ने यात्रा के घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि देवपालिक पटना से रांची गए और लौटते समय उनके साथ कार्यालय के दो सहकर्मी भी थे।

जन सुराज से इस्तीफे की बात भी आई सामनेः तारकेश्वर गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में यह भी कहा कि देवपालिक ने जन सुराज पार्टी से इस्तीफा दे दिया था और उनका इस्तीफा स्वीकार हो चुका था, लेकिन वह ग्रेस पीरियड में काम कर रहे थे। 24 तक तो उनका कार्यकाल अभी था वो कुछ दोनों अभी आराम करना चाहता था। तीन भाइयों में सबसे छोटा बेटा था देवपालिक। देवपालिक ने पहले बीटेक की पढ़ाई की फिर दिल्ली स्थित भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) से जर्नलिज्म की पढ़ाई की थी। उसके बाद वह पहले लल्लन टॉप में कार्य किए उसके बाद दैनिक भास्कर जयपुर के साथ जुड़े थे। हालांकि पिछले 4 वर्षों से जन सुराज पार्टी में डिजिटल कम्युनिकेशन मैनेजर के रूप में कार्यरत थे और पार्टी की सोशल मीडिया गतिविधियों से जुड़े थे।

राजकीय बाल गृह का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, बच्चों की सुविधाओं का लिया जायजा

विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी, पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर एवं मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को राजकीय बाल गृह, देवरिया का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों की देखभाल, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान कमरों, बिस्तरों, पेयजल, शौचालय, स्नानघर तथा परिसर की साफ-सफाई की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिक आहार, रसोईघर की व्यवस्था और बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों की शिक्षा, खेलकूद, मनोरंजन एवं दैनिक दिनचर्या की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। बच्चों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को बच्चों के साथ संवेदनशीलता एवं आत्मीयता से व्यवहार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बाल गृह में बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाए।

इटियाथोक क्षेत्र में भूख हड़ताल पर बड़ी खबर : बजरंगी भईया की तबीयत बिगड़ी

नायब तहसीलदार आए और लौट गए, विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने भी नहीं ली सुधि

गोण्डा। इटियाथोक के बिशुनपुर तिवारी में 3 किलोमीटर सड़क के लिए चल रही भूख हड़ताल अब चिंताजनक मोड़ पर पहुंच गई है। भूख हड़ताल का दूसरा दिन है और अगुवाई कर रहे अवधेश तिवारी उर्फ बजरंगी भईया की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है।

नायब तहसीलदार आए, आश्वासन नहीं मिला, लौट गए

गुरूवार को मौके पर नायब तहसीलदार पहुंचे थे, लेकिन बिना कोई ठोस लिखित आश्वासन दिए वापस लौट गए। जिससे ग्रामीणों में और आक्रोश बढ़ गया है। बजरंगी भईया कल दोपहर 2 बजे से भूखे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इसी तरह भूख हड़ताल जारी रही और इस बीच किसी को कुछ होता है तो सारी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।



स्थानीय विधायक भी नहीं पहुंचे

सबसे हैरानी की बात यह है कि अभी तक स्थानीय मेहनौन विधानसभा के विधायक विनय कुमार द्विवेदी भी मौके पर हाल-चाल लेने नहीं पहुंचे हैं। जबकि प्रधानों ने पहले ही चेतावनी दी थी कि रोड नहीं तो बीजेपी को वोट नहीं।

मौके पर प्रधान प्रतिनिधि देव प्रकाश तिवारी, प्रधान अंगद प्रसाद वर्मा, बीडीसी राधिका प्रसाद वर्मा, प्रधान चंद्रशेखर तिवारी सहित सैकड़ों महिलाएं और पुरुष डटे हुए हैं। स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। प्रशासन की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

दत्तात्रेय धाम की दीवार तोड़ने का प्रयास, महंत ने थाने में दी तहरीर

महंत ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप

विनय कुमार गुप्ता।

रुद्रपुर (देवरिया)। मदनपुर थाना क्षेत्र के बेलुआर घाट स्थित दत्तात्रेय धाम की दीवार तोड़ने के प्रयास का मामला सामने आया है। धाम के महंत परमानंद गिरि ने कुछ अराजक तत्वों पर दीवार तोड़ने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने मदनपुर थानाध्यक्ष को पत्रक सौंपकर शिकायत दर्ज कराई है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महंत परमानंद गिरि के अनुसार, कुछ अराजक तत्वों द्वारा 21 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन के दिन रात मे धाम की दीवार को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया। उसी दिन हम धार्मिक कार्यक्रम को लेकर बाहर गये हुए थे और पहुंचने पर जानकारी हुई। घटना को लेकर उन्होंने पुलिस से मामले की



गंभीरता से जांच कराने और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा की पहले भी धाम के पीलर को कई बार तोड़ने का प्रयास किया जा चूका इसकी जानकारी हमने मदनपुर पुलिस को दिया था लेकिन कार्यवाई नहीं हो सकी जिससे इन तत्वों का मनोबल बढ़ा हुआ हैं। धार्मिक स्थल से जुड़ा मामला होने के कारण यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। अब देखना होगा कि पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर क्या कार्रवाई करती है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया की घटना की जानकारी मिली है इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

सुरौली पुलिस ने साइबर ठगी के पीड़ित को वापस दिलाए 2.10 लाख रुपये



देवरिया। सुरौली पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 2 लाख 10 हजार रुपये वापस करा दिए। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पैकौली महाराज निवासी शरवेन्द्र शेखर शाही ने 24 अक्टूबर को एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। सुरौली पुलिस की साइबर टीम ने तत्काल धनराशि होल्ड कराकर विधिक प्रक्रिया पूरी की और पूरी रकम पीड़ित के खाते में वापस करा दी। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस का आभार जताया। कार्रवाई में थानाध्यक्ष अविनाश मौर्य, साइबर प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस ने साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत करने की अपील की। चाहें तो इसकी अखबार के लिए और आकर्षक हेडलाइन भी बना सकता हूँ।

अर्नव तूफान का रुद्रपुर में दिखा असर, हल्की बारिश से बदला मौसम

विनय कुमार गुप्ता

रुद्रपुर देवरिया। गुरुवार को रुद्रपुर नगर और आसपास के क्षेत्रों में अर्नव तूफान का असर देखने को मिला। सुबह से ही मौसम में बदलाव महसूस किया गया। आसमान में बादल छाए रहने के साथ हल्की बरसात होने से मौसम सुहावना हो गया। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

अचानक बदले मौसम ने लोगों की दिनचर्या को भी प्रभावित किया। हल्की बारिश के चलते सड़कों पर आवाजाही करने वाले लोगों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, मौसम में ठंडक घुलने से लोगों ने राहत महसूस की। मौसम के इस बदलाव को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। यदि बारिश का सिलसिला आगे भी जारी रहता है, तो इसका असर यातायात और दैनिक गतिविधियों पर पड़ सकता है। हालांकि, तूफान के प्रभाव और बारिश की स्थिति को लेकर आधिकारिक मौसम विभाग की जानकारी का इंतजार है।

परसपुर-सीबीएन बेलसर मार्ग पर दर्दनाक हादसा: डंपर ने बाइक को मारी टक्कर, मासूम बच्ची समेत दो की मौत, एक घायल

परसपुर (गोंडा)। परसपुर-सीबीएन बेलसर मार्ग पर सरदार पुरवा मोड़ के समीप बुधवार की शाम दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंपर ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार एक मासूम बच्ची समेत दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार परसपुर से बेलसर की ओर जा रहे थे, तभी सरदार पुरवा मोड़ पर तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत परसपुर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही परसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। गंभीर रूप से घायल बच्ची को एंबुलेंस से जिला अस्पताल गोंडा भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

युवा संवाद में युवाओं ने ली लोकतांत्रिक शपथ



देवरिया। मेरा युवा भारत, देवरिया की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बाबा राघव दास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ह्ययुवा संवाद-अपने मत को जानेंह्ल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं युवा नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाना और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। युवा आइकन कृष्णानंद जायसवाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर अपने विचार साझा किए। जिला युवा अधिकारी चन्द्रभूषण चौबे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए युवाओं को माय भारत पोर्टल की जानकारी दी। संवाद के दौरान युवाओं ने नागरिक जिम्मेदारी, शासन में भागीदारी और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं की भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक शपथ के साथ हुआ। प्राचार्य डॉ. पीएन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में डॉ. विजय पाल, डॉ. अभिषेक तिवारी तथा माय भारत स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

अज्ञात वाहन ने ट्रक में मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल, कर्नलगंज कस्बा चौकी इंचार्ज ने पहुंचाया अस्पताल

कर्नलगंज (गोंडा)। कर्नलगंज कस्बे में गोंडा-लखनऊ मार्ग पर बुधवार- गुरुवार की बीती रात करीब 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। ट्रक संख्या वढ33अळ6346 की किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक की पहचान राजू पुत्र नकछेद, निवासी ताजपुर अमावां, जनपद रायबरेली के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी कस्बा कर्नलगंज सुमित कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी कर्नलगंज ले गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए घायल को जिला चिकित्सालय गोंडा रेफर कर दिया। पुलिस ने घायल के साथ एक आरक्षी को जिला अस्पताल भेजा है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को क्रेन की मदद से सड़क से किनारे कराकर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू करा दी गई। चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

समाचार

भक्तिरस में सराबोर रहा पांडाल, प्रभु का नाम जपकर झूमे श्रद्धालु

पडरौना, कुशीनगर। विकासखंड विशुनपुरा के सिरसिया में श्रीमद्भागवत कथा आयोजन के तृतीय दिवस पर अद्भुत दृश्य देखने को मिला। हल्की बारिश के बीच पूरा पांडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया। सभी श्रद्धालु भक्तिरस में सराबोर होने के साथ प्रभु का नाम जपकर झूमते दिखे। आचार्य पंडित बालकृष्ण दीक्षित जी महाराज की मुखारबिंद से श्रीमद्भागवत महापुराण का व्याख्यान सुन मुख्य यजमान घनश्याम दीक्षित व अन्य श्रद्धालु फूले नहीं समा रहे। आचार्य श्री दीक्षित ने कहा कि भगवान सच्चे प्रेम और निष्काम भक्ति के भूखे हैं, वैभव और धन के नहीं। जो श्रद्धालु श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर धर्म, भक्ति, वैराग्य और ज्ञान के मार्ग पर चलते हैं उनका जीवन सफल व सार्थक होता है।



उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इनमें सुशांत दीक्षित मंकज, ऋषभ दीक्षित छोटू, अश्वनी पांडे, नन्हे पांडे, वीरेंद्र दीक्षित, गज्जू तिवारी, केसरी दीक्षित, नंदेश्वर दीक्षित आदि प्रमुख नाम हैं।

भारी बारिश की चेतावनी के बीच कुशीनगर में 30 अक्टूबर को सभी स्कूल बंद

जिला विद्यालय निरीक्षक ने जारी किया आदेश, कक्षा 1 से 12 तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में रहेगा अवकाश

इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी अत्यधिक वर्षा और चक्रवात की चेतावनी को देखते हुए कुशीनगर जिले में 30 अक्टूबर 2026 को कक्षा 1 से 12 तक के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, जिले में संचालित समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में भी अवकाश घोषित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि मौसम विभाग की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों को आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।जिला विद्यालय निरीक्षक, कुशीनगर की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 30 अक्टूबर को कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए विद्यालय बंद रहेंगे। आदेश की प्रतिलिपि जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, शिक्षा निदेशक, संयुक्त शिक्षा निदेशक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

मोतीगंज केस में लापरवाह विवेचना पर एसपी सख्त, दरोगा अखिलेश पांडे निलंबित



गोंडा। मोतीगंज थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 192/2026 की विवेचना में गंभीर लापरवाही और पक्षपात के आरोपों पर पुलिस अधीक्षक गोंडा ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने विवेचक रहे उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार पांडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। एसपी की इस कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। क्या है पूरा मामला- दरअसल, मोतीगंज थाने के मुकदमा संख्या 192/2026 में पीड़ित पक्ष ने विवेचना में पक्षपात, लापरवाही और वादिनी को अनुचित लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि विवेचक ने साक्ष्यों को नजरअंदाज कर मनमाने तरीके से कार्रवाई की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी गोंडा ने अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) को मामले की प्रारंभिक जांच सौंपी। एएसपी जांच में खुली पोलः अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आईं। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से पाया गया कि विवेचक ने महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और मोबाइल लोकेशन की जानबूझकर अनदेखी की। साक्ष्यों के विपरीत जाकर और मामले को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। विवेचना में वादिनी को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोप भी प्रथम दृष्टया सही पाए गए। एसपी ने लिया कड़ा एक्शन; एएसपी पूर्वी की जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक गोंडा ने कड़ा रुख अपनाया। एसपी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार पांडे को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के आदेश भी दिए हैं। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि विवेचना में लापरवाही और पक्षपात किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो भी अधिकारी/कर्मचारी साक्ष्यों के विपरीत जाकर कार्य करेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

जनगणना के लिए तीन बैचों में 150 कर्मियों को मिलेगा प्रशिक्षण



लहरपुर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर पालिका परिषद कार्यालय के मीटिंग हॉल में कर्मियों का प्रशिक्षण तीन बैचों में कराया जा रहा है। प्रत्येक बैच में 50 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले बैच का प्रशिक्षण 26 से 28 अक्टूबर तक पूरा हो चुका है। दूसरे बैच का प्रशिक्षण 29 से 31 अक्टूबर और तीसरे बैच का प्रशिक्षण दो से चार नवंबर तक होगा। प्रशिक्षण के बाद 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना कराई जाएगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक और पर्यवेक्षक जनगणना का कार्य करेंगे।

डिस्ट्रिक्ट वनडे क्रिकेट लीग : प्रतापगढ़ ने संडीला को 137 रन से हराया



हरदोई। डिस्ट्रिक्ट वनडे क्रिकेट लीग के तीसरे मुकाबले में स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ ने राइजिंग स्टार क्रिकेट अकादमी संडीला को 137 रन से हराया। प्रतापगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 263 रन बनाए। मो. सैफ ने 105, देश गर्ग ने 55 और इमदाद ने 49 रन बनाए। टीम संडीला 126 रन पर ऑलआउट हो गई। पारस ने 17 और अजीत कुमार ने 16 रन बनाए। प्रतापगढ़ के आदर्श और सैफ ने तीन-तीन विकेट लिए। संडीला के अजीत कुमार ने पांच विकेट हासिल किए। टॉस हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अतुल कुमार मिश्रा ने कराया।

डीएसएम स्कूल के बच्चे अखिलेश सिंह गौरव पुरस्कार से सम्मानित



हरदोई। एक मीडिया संस्थान एवं कमलेश्वर फाउंडेशन के तत्वावधान में स्मृतिशेष अखिलेश सिंह गौरव पुरस्कार के तहत डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के बच्चों को सम्मानित किया गया। जिला उपाध्यक्ष भाजपा अलका गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा, कुबेर संस्थान की अध्यक्ष निरमा देवी और ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल कपूर ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद पाठक को भी सम्मानित किया गया। प्रबंधक मुकेश सिंह एवं प्रधानाचार्य भूमिका सिंह को भी सम्मान मिला।

युवाओं ने दिखाई प्रतिभा, पांच प्रतियोगिताओं के विजेता सम्मानित



सीतापुर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से बुधवार को सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में युवा उत्सव हुआ। लोक नृत्य, लोकगीत, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शुभारंभ पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी और चेयरमैन ओमप्रकाश सिंघानिया ने किया। पेंटिंग में आकृति दीक्षित प्रथम, हियाश्री द्वितीय और श्रेया रॉय तृतीय रहीं। लोक नृत्य समूह में हिंदू कन्या महाविद्यालय की टीम ने पहला और सेक्रेड हार्ट की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। लोकगीत समूह में यशोदा कन्या पीजी कॉलेज की टीम प्रथम और सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की टीम द्वितीय रही। कविता लेखन में विदुषी प्रथम, अमन त्रिपाठी द्वितीय और आशुतोष कुमार तृतीय रहे। नुक्कड़ नाटक में आरएमपी की टीम ने पहला और सिंघानिया इंस्टीट्यूट की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम, युवा कल्याण अधिकारी प्रबोध कुमार और प्रधानाध्यापक मनोज सिंह ने विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन राज शर्मा ने किया।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में हरदोई के रियाज अहमद प्रदेश महामंत्री, सुहाना जैन कोषाध्यक्ष

हरदोई

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी में हरदोई के रियाज अहमद अल्वी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। सुहाना शरणजीत जैन ने भी लम्बी छलांग लगाई है। उन्हें भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले उनके नाम की चर्चा मोर्चा जिलाध्यक्ष पद के लिए चल रही थी। पार्टी में सक्रिय सुहाना बाल बलिदान दिवस से जुड़े अभियानों की संयोजक रही हैं। विसऔर लोस चुनावों में भी उन्हें संगठन की ओर से दायित्व सौंपे गए थे, जिन्हें निभाने का लाभ अब नई





जिम्मेदारी के रूप में मिला है।

पिछले निकाय चुनाव में सदर नगर पालिका अध्यक्ष की सीट महिला आरक्षित होने की संभावना के बीच वह भाजपा के टिकट की दावेदार भी रही थीं। सुहाना शरणजीत जैन वीरांगना संस्थान के बैनर तले सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहती हैं। संगठनात्मक गतिविधियों और सामाजिक क्षेत्र में उनकी सक्रियता के बीच अल्पसंख्यक मोर्चा में मिली यह जिम्मेदारी उनके राजनीतिक सफर का नया पड़ाव है। इन नियुक्तियों पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, उपाध्यक्ष संदीप सिंह, प्रीतेश दीक्षित, महेन्द्र सोनी, अजय शुक्ला, अलका गुप्ता, आकाश सिंह, सौरभ सिंह गौर, महामंत्री ओम वर्मा, सत्येन्द्र राजपूत, अनुराग मिश्रा, कोषाध्यक्ष डॉ. अनुज गुप्ता, मंत्री दीपा विश्वास, अदिति कुशवाहा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय सिंह गुड्डू, नगर अध्यक्ष मुदित वाजपेयी, मंत्री प्रियंका सिंह सहित तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया हैंडल से बधाई प्रेषित की है।

महिला मोर्चा जिला महामंत्री श्वेता क्षेत्रीय मंत्री प्रमोट, शोभना सोशल मीडिया टीम में





हरदोई। सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत पाली की श्वेता अग्निहोत्री (जिला महामंत्री महिला मोर्चा) को अवध क्षेत्र मंत्री बनाया गया है। वहीं, जिला कार्यसमिति सदस्य शोभना सिंह को क्षेत्र सह संयोजक सोशल मीडिया (महिला मोर्चा) में नियुक्ति मिली है। सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने दोनों को बधाई दी है। कहा है, पाली नगर की जुझारू बहन श्वेता अग्निहोत्री को महिला मोर्चा में क्षेत्रीय मंत्री का दायित्व प्राप्त होने पर बधाई।

भाजपा किसान और महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित

हरदोई

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने किसान मोर्चा और महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। किसान मोर्चा की सूची जिलाध्यक्ष संजय सिंह 'गुड्डू' और महिला मोर्चा की लिस्ट जिलाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा संग पार्टी जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन के हस्ताक्षर से जारी हुई है।





किसान मोर्चा के अन्य पदाधिकारी

जिला उपाध्यक्ष जैनेन्द्र प्रताप सिंह, देवेंद्र राजपूत, संतोष पांडेय, सरदार अमरदीप, शोभित तोमर, रलेश सेंगर, पंकज अवस्थी और मानवेन्द्र सिंह बनाए गए हैं। जिला महामंत्री नवीन पटेल, सुजीत सिंह और अभिषेक पांडेय हैं। जिला मंत्री अर्चित मिश्रा, नरेंद्र कुशवाहा, सरोज कुमार, प्रद्युम्न सिंह पुन्ने, नवीन पाठक, महेंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार गौतम और आशीष द्विवेदी बनाए गए हैं। देवव्रत सिंह को जिला कोषाध्यक्ष और शुभम श्रीवास्तव 'सनी' को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अमित वाजपेयी जिला मीडिया संयोजक, भूपेंद्र सिंह सह मीडिया संयोजक, अक्षय सिंह सोशल मीडिया संयोजक, शिवम पाल आईटी संयोजक, सुशील सिंह कार्यालय मंत्री और शैलेंद्र पटेल जिला शोध प्रमुख बनाए गए हैं। सदस्य के रूप में आनंद अर्कवंशी, हरिवंश सिंह, अर्जुन वर्मा, भूपेंद्र सिंह, गगन द्विवेदी, बृजेंद्र सिंह, दीपक सिंह, बनवारी लाल, अतुल कुशवाहा और संदीप कुशवाहा को जिम्मेदारी मिली है।

महिला मोर्चा : जिला उपाध्यक्ष अनीता वर्मा, निशा कुशवाहा, आरती मिश्रा, आरती गुप्ता, अनीता गिहार, सुनीता मिश्रा, नीलम अग्रवाल और कृति वर्मा बनाई गई हैं। जिला महामंत्री गीता वर्मा, हर्षिता सिंह और साधना शुक्ला हैं। जिला मंत्री लक्ष्मी देवी, पायल सिंह, गरिमा मिश्रा, कुसुम सिंह, रचना मिश्रा, कुलजीत कौर उर्फ नीना सिंह, पुष्पा देवी और संतोषी राजपूत बनाई गई हैं। श्रुति अवस्थी को जिला कोषाध्यक्ष, अनीता अवस्थी को मीडिया संयोजक, रब्बी गुप्ता को सोशल मीडिया संयोजक और श्रद्धा मिश्रा को आईटी संयोजक बनाया गया है। सदस्य के रूप में लक्ष्मी सिंह, अलका शुक्ला, उपासना, प्रियंका सिंह, पूर्णिमा सिंह, शशि श्रीवास्तव, मेधा स्तोगी, काजोल, बसंत मालती और रजनी सिंह को शामिल किया गया है।

एक नवंबर को लगेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर



फर्रुखाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एक नवंबर को फतेहगढ़ ऑफिसर क्लब में शिविर लगाएगा। तैयारियों को लेकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार ने बैठक कर निर्देश दिए। बैठक में सचिव बिंदिया भटनागर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार,

जिला जज नीरज कुमार ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश, पात्रों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

जिला उद्यान अधिकारी राघवेंद्र सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी योगेश पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह रहे।

बैठक में सत्र न्यायाधीश ने सभी विभागों को शिविर में स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। पात्र चिन्हित कर उन्हें नियमानुसार लाभ दिलाने और आवेदन-पात्रता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों को विधिक सहायता एवं कानूनी जागरूकता प्रदान करने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहकर नागरिकों को आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन देंगे। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश दिए। नागरिकों से शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी लेने और पात्रतानुसार लाभ उठाने की अपील की गई है।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने विज्ञान प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

विद्यार्थियों ने नवाचार और वैज्ञानिक सोच का दिया परिचय

फर्रुखाबाद

जिला विज्ञान क्लब ने फतेहगढ़ के पीएम श्री महीयसी महादेवी वर्मा बालिका इंटर कॉलेज विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी लगाई। शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और कार्यप्रणाली, उपयोगिता तथा वैज्ञानिक अवधारणाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में निरंतर नए प्रयोगों और नवाचार की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को जिज्ञासु बने रहकर अपने आसपास घटित होने वाली घटनाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करना चाहिए। छात्र-छात्राओं ने 100 विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. सुदेश शर्मा, सौरभ पांडेय तथा निर्मला सिंह, एमसीए एवं गणित शिक्षिका पीएम श्री जीजीआईसी शामिल रहीं। आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र आशु सिंह ने प्रथम, पीएम श्री जीजीआईसी फतेहगढ़ की छात्रा छवि बैस ने द्वितीय एवं मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा रिषिता गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेंट पॉल ब्राइटन एकेडमी के छात्र ऋषभ राजपूत तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, रोशनाबाद के छात्र अनिकेत को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार और तकनीकी कौशल का विकास करना है।

2 नवम्बर को युवा उत्सव, 5 विधाओं में स्पर्धाएं

हरदोई। युवा कल्याण विभाग की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत दो नवंबर को रसखान प्रेक्षागृह में जनपद स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष की थीम 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' है। उत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कविता लेखन स्पर्धाएं होंगी।

17 अगस्त 2026 की स्थिति में 15 से 29 वर्ष आयु के हरदोई निवासी या जिले में अध्ययनरत युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। जिला स्तर के विजेता मंडल और राज्य स्तर पर पहुंचेंगे। चयनित प्रतिभागियों को 10 से 12 जनवरी 2027 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल ने पात्र युवाओं से प्रतिभाग करने की अपील की है।

बीएसए के छापे से खुली स्कूलों की पोल कहीं गंदगी तो कहीं शिक्षक नदारद

प्रधानाध्यापकों को नोटिस; कहीं वेतन रोकने तो कहीं एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

सीतापुर

परिषदीय विद्यालयों में व्यवस्थाओं की हकीकत जानने निकले बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल के औचक निरीक्षण में लापरवाही उजागर हुई। खामियों पर बीएसए ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित प्रधानाध्यापकों और कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। एक प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने और एक शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए।

बीएसए ने सुबह नौ बजे गोंदलामऊ के कंपोजिट विद्यालय गोपालपुर पश्चिमी से निरीक्षण शुरू किया। यहां बच्चों को साफ-सफाई रखने और निर्धारित यूनिफॉर्म में विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। सुबह 9:55 बजे मछरेहटा के प्राथमिक विद्यालय पुरैनी में परिसर गंदा मिलने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक हरदीप वर्मा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सुबह 10:27 बजे कंपोजिट विद्यालय अनोगी गढ़ी में भी सफाई व्यवस्था खराब मिली। इस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रजनीश कुमार और शिक्षामित्र समीक्षा सिंह व प्रदीप अनोगी को नोटिस देने के निर्देश दिए गए।



निरीक्षण में कर्मचारी भी मिले अनुपस्थित

पूर्व माध्यमिक विद्यालय ब्रह्मावली में अनुदेशक वेदिका अनुपस्थित मिलीं। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एफटीटी नेहा लोधी और उपासना गौतम के साथ रसोइया उषा देवी व पूनम शुक्ला भी अनुपस्थित मिलीं। संबंधित कर्मियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक विद्यालय जरीगवां प्रथम में शिक्षामित्र कुसुमा देवी के समय से पहले विद्यालय छोड़ने पर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। वहीं, प्राथमिक विद्यालय गोपाली में प्रभारी प्रधानाध्यापक आशुतोष मिश्रा अनुपस्थित मिले। विद्यालय परिसर में गंदगी, हैंडवॉश में पानी न आने और कक्षाओं के बाहर कूड़े के ढेर मिलने पर उन्हें नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए गए। बीएसए ने संबंधित विद्यालयों को एक सप्ताह के भीतर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

जनगणना-2027 के प्रशिक्षण में जुटे 144 फील्ड ट्रेनर

हरदोई। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत जिले में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का चार्ज स्तर पर प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए 144 फील्ड ट्रेनर तैनात किए गए हैं। प्रशिक्षण में जनगणना प्रक्रिया, प्रपत्रों और मोबाइल एप से डिजिटल आंकड़े जुटाने की जानकारी दी जा रही है। जिला मजिस्ट्रेट एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी राहुल पाण्डेय, सीडीओ नेहा ब्याडवाल और एडीएम (वित्त एवं राजस्व) व जिला जनगणना अधिकारी दीपाली भार्गव के निर्देशन में यह कार्य चल रहा है। प्रशिक्षण की निगरानी के लिए सभी एसडीएम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

टीबी मरीजों को छह माह तक पोषण सहारा देगी डालमिया मिल, 35 मरीजों को बांटी किट

सीतापुर

टीबी मरीजों के उपचार और बेहतर स्वास्थ्य के लिए डालमिया चीनी मिल, जवाहरपुर ने मदद का हाथ बढ़ाया है। डालमिया भारत फाउंडेशन के माध्यम से जिले के 35 टीबी मरीजों को छह माह तक पोषण सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिसावां में मरीजों को पोषण किट वितरित की गई।

इस पहल का उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के दौरान पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने में सहयोग करना और उनके पोषण स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम में चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित रूप से दवाइयां लेने, उपचार का पूरा कोर्स करने और संतुलित आहार का सेवन करने की



सलाह दी। उन्होंने कहा कि दवाओं के साथ पौष्टिक भोजन और चिकित्सकीय निर्देशों का पालन करना उपचार में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डालमिया चीनी मिल, जवाहरपुर के जीएम केन आजाद सिंह, एचआर हेड अरविंद गंगवार, सीनियर मैनेजर ऋषु कोकचा और सीएसआर मैनेजर दिव्य प्रकाश मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष चौधरी, एमओआईसी डॉ. सर्वेश कुमार, बीपीएम तरुण त्रिवेदी और एसटीएस तपन सिंह उपस्थित रहे।

आईटीआई में कल लगेगा रोजगार मेला

फर्रुखाबाद। आईटीआई ठंडी सड़क में शुक्रवार को सुबह 10 बजे रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले लगेगा। मेले में छह कंपनियां प्रतिभाग करेंगी और कुल 165 रिक्त पदों पर चयन के अवसर उपलब्ध होंगे। मेले में सत्यम ग्रीन एनर्जी एंड कंपनी, नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद, एमडी कोल्ड स्टोरेज, वीजी ऑटो कंपोनेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, शक्तिमान और बंसल स्टील एंड पावर लिमिटेड शामिल होंगी। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई और डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, शैक्षिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं।

22 जनवरी से शुरू होगा श्रीरामनगरिया मेला, तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

स्वच्छता, पेयजल और सुरक्षा पर रहेगा जोर, गंगा में दूषित पानी का प्रवाह रोकने तथा अन्ना पशुओं पर प्रतिबंध का उठा मुद्दा

फर्रुखाबाद

पांचाल घाट पर लगने वाले श्रीरामनगरिया मेला एवं विकास प्रदर्शनी-2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। इसमें मेला समिति के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। मेला 22 जनवरी से 20 फरवरी 2027 तक लगेगा। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी और मेला समिति के सदस्य मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले में आने वाले साधु-संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, अस्थायी शौचालय, प्रकाश और अन्य मूलभूत व्यवस्था समय से पूरी की जाएं। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्ययोजना तैयार कर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने को कहा। मेला समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों, मनचलों और अराजक तत्वों पर निगरानी रखने तथा नियमों के तहत कार्रवाई करने का सुझाव दिया।

लूट, हत्या और चोरी के मामलों की समीक्षा, गैंगस्टरों की संपत्ति जब्ती और इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी तेज करने के निर्देश

लंबित अपराधों पर एसपी सख्त, खुलासे में देरी पर तय होगी जवाबदेही

सीतापुर

एसपी अंकुर अग्रवाल ने मंगलवार रात करीब 12 बजे पुलिस लाइन स्थित दधीचि सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी कर जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र खुलासा, आरोपियों की गिरफ्तारी और जन-शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

गोष्ठी में डकैती, लूट, छिनैती, हत्या, नकबजनी, चोरी और वाहन



चोरी के लंबित मामलों की समीक्षा की गई। थाना प्रभारियों को इन घटनाओं के अनावरण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने को कहा गया। संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के प्रस्ताव तैयार करने, चिह्नित अपराधियों की संपत्ति जब्त कराने और इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज करने के निर्देश दिए गए। एसपी ने हिस्ट्रीशीटरों के भौतिक सत्यापन, यक्ष ऐप पर जानकारी दर्ज करने और नई हिस्ट्रीशीट खोलने की प्रगति की समीक्षा की। मिशन शक्ति फेज-6 के तहत महिला सुरक्षा, एंटी रोमियो स्क्वॉड की सक्रियता और महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर भी जोर दिया।

हादसों और साइबर अपराध पर भी फोकस : दुर्घटनाओं में मौत रोकने के लिए ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की समीक्षा की गई। एसपी ने स्पीड लेजर गन और ब्रेथ एनालाइजर के इस्तेमाल के निर्देश दिए। साइबर अपराध के मामलों में ठगी की रकम वापस कराने, सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए मोबाइल बरामद करने और सोशल मीडिया की निगरानी करने को कहा।

जन-शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई नहीं : उन्होंने थाना और पुलिस कार्यालयों में जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों की शिकायतें गंभीरता से सुनने तथा आईजीआरएस और प्रार्थना पत्रों का पारदर्शी तरीके से समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

चार लाख ईमेल बनाकर पाकिस्तानी-बांग्लादेशियों को बेचीं, स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी में हुआ इस्तेमाल

लखनऊ

फर्जी ईमेल आईडी बनाकर पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत दूसरे देशों में बैठे लोगों को बेचने के आरोपी अंकित शंखवार को उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया है। कानपुर नगर निवासी 24 वर्षीय अंकित के लैपटॉप में करीब पांच लाख फर्जी ईमेल आईडी मिली हैं। इनमें से कुछ का इस्तेमाल नोएडा, दिल्ली, गुरुग्राम के स्कूलों और मुंबई के महापौर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी देने में किया गया था। एटीएस के मुताबिक, आरोपी वर्ष 2021 से फर्जी ईमेल आईडी बनाने का काम कर रहा था। वह वाई-फाई और प्रॉक्सी नेटवर्क का इस्तेमाल कर फर्जी पहचान से ईमेल आईडी बनाता था। इसके बाद फेसबुक के खरीद-बिक्री समूहों के जरिये इन्हें विदेश में बैठे लोगों को बेचता था। इसके बदले क्रिप्टो



करेंसी में भुगतान लेता था। जांच में सामने आया कि 12 अक्तूबर को नोएडा के स्कूलों और अन्य स्थानों पर धमकी भरे ईमेल भेजने में इस्तेमाल हुई आईडी अंकित ने बांग्लादेशी नागरिक अलामीन इस्लाम को दी थी। वहीं, 23 अक्तूबर को मुंबई के महापौर कार्यालय को बम धमाके की धमकी देने में इस्तेमाल हुई दूसरी ईमेल आईडी भी उसके लैपटॉप में मिली। एटीएस के अनुसार, आरोपी को अलामीन से इसके बदले 6000 यूएसडीटी मिले थे। इसके साक्ष्य उसके मोबाइल में मौजूद हैं। एटीएस के मुताबिक, आरोपी ईमेल आईडी के साथ पासवर्ड, रिकवरी ईमेल और दो-स्तरीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी भी एक्सेल शीट में भेजता था। उसके मोबाइल में पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की, मिस्र और अमेरिका समेत कई देशों के लोगों से संपर्क और बड़ी मात्रा में क्रिप्टो करेंसी के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं। एटीएस ने 28 अक्तूबर को आरोपी को कानपुर नगर से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद हुआ है। लखनऊ स्थित एटीएस थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस हिरासत में लेने की मांग की जा रही है, ताकि इस मामले में जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

संक्षिप्त समाचार

सौ विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को दिया संविधान संवाद का प्रशिक्षण



नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण देते न्यायिक अधिकारी।

बुलन्दशहर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संविधान संवाद कार्यक्रम के तहत 100 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को 27 व 28 अक्टूबर को जनपद न्यायालय परिसर में प्रशिक्षण दिया गया। सचिव विकास चौधरी ने बताया कि शिक्षक एक से 26 नवम्बर तक कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को संविधान के अधिकारों, कर्तव्यों और मूल सिद्धांतों के प्रति जागरूक करेंगे। विद्यालयों में संविधान कॉर्नर भी बनाए जाएंगे। विद्यार्थियों को नि :शुल्क विधिक सहायता हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी भी दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायाधीश संजय सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

पीएनबी ने वॉकथॉन निकालकर दिया भ्रष्टाचार मुक्त भारत का संदेश

बुलन्दशहर। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत पंजाब नेशनल बैंक की ओर से बुलंदशहर में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से आमजन को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करते हुए सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही अपनाने का संदेश दिया गया। बैंक ने लोगों से न रिश्वत लेने, न रिश्वत देने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा न देने की अपील की। साथ ही ईमानदारी के साथ भ्रष्टाचार मुक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

31 अक्टूबर को लगेगा रोजगार मेला, 12 से अधिक कंपनियां करेंगी भर्ती

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे अपनी जानकारी देते हुए बताया कि 31 अक्टूबर, शनिवार को विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 11 बजे से सेठ रामानन्द मंगल सैन महाविद्यालय, छतारी-पहासू रोड पर लगेगा। इसमें 12 से अधिक निजी क्षेत्र की कंपनियां प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे के अनुसार रोजगार मेले में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक एवं आईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। विभिन्न कंपनियों में उपलब्ध पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा साथ लेकर पहुंचना होगा।

खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, विजेता सम्मानित

शिकारपुर। श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में बुधवार को आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 100 से 5000 मीटर दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो सहित विभिन्न स्पर्धाएं हुईं। विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय अध्यक्ष अशोक मित्तल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान प्रबंधक अनुराग गोयल, प्राचार्य डॉ. ललित कुमार गुप्ता सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

हाई कोर्ट बेंच की मांग को व्यापार मंडल का समर्थन



हाई कोर्ट बेंच स्थापना की न्याय यात्रा को समर्थन पत्र सौंपते उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

बुलन्दशहर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को निकाली गई न्याय यात्रा को उद्योग व्यापार मंडल (नरेन्द्र) ने समर्थन दिया। संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने लाला बाबू चौराहे पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र कुमार शर्मा व सचिव एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह को समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि बेंच स्थापित होने से लोगों का समय, धन और श्रम बचेगा। इस दौरान उमेश चंद शर्मा, नासिर, प्रदीप शर्मा, हितार्थ अग्रवाल, शमशाद, अमरजीत राघव व विजय गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आकाश आनंद ने अनूपशहर में भरी चुनावी हुंकार, भाजपा और कांग्रेस पर साधा निशाना

अनूपशहर। बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद बुधवार को अनूपशहर के खालौर स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। सभा में हजारों समर्थकों के पहुंचने का दावा किया गया। आकाश आनंद ने राहुल गांधी पर क्रेडिट लेने और भाजपा-कांग्रेस को एक सिक्के के दो पहलू बताते हुए निशाना साधा। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर टिप्पणी करते हुए उनके पीडीए पर भी सवाल उठाए। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर इस जनसभा को बसपा की चुनावी तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

जेआईआईटी नोएडा में नवाचार सीखेंगी 50 छात्राएं

डिबाई। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पला कसेर की 50 छात्राओं का दल नवाचार प्रशिक्षण के लिए जेआईआईटी नोएडा रवाना हुआ। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रम के तहत चयनित छात्राएं नवाचार की आधुनिक तकनीकें सीखकर प्रोजेक्ट तैयार करेंगी।प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने बताया कि छात्राओं को नवाचार विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. विनय कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके तकनीकी कौशल को विकसित करने और जनपद का नाम रोशन करने में सहायक होगा। एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।

जेआईआईटी नोएडा में छात्राओं ने सीखी रोबोटिक्स और नवाचार की तकनीक

डिबाई। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, पला कसेर की 50 छात्राओं ने जेआईआईटी नोएडा का शैक्षिक भ्रमण कर रोबोटिक्स, सेंसर निर्माण और बायोटेक्नोलॉजी की जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने रोबोटिक्स विभाग में कन्वेयर मशीन की कार्यप्रणाली तथा रोबोट के निर्माण और संचालन की प्रक्रिया को समझा। इसके अलावा फर्निशिंग विभाग में सेंसर निर्माण और बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित तकनीकों की जानकारी ली। इस दौरान नवाचार विशेषज्ञ विभा रानी, गरिमा माथुर और निवेदिता की टीम ने छात्राओं को 10 नवाचार संबंधी विचार दिए। छात्राएं इन विचारों पर आधारित मॉडल तैयार करेंगी तथा इसके लिए जेआईआईटी नोएडा के विशेषज्ञों का सहयोग लेंगी।

बेंच प्रेस चैंपियनशिप में पिंटू राणा ने जीता स्वर्ण पदक

खुर्जा। मुरादनगर के एचएलएम कॉलेज में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित प्रदेश स्तरीय उत्तर प्रदेश बेंच प्रेस चैंपियनशिप-2026 में खुर्जा जंक्शन निवासी नेशनल पावरलिफ्टर पिंटू राणा ने 84 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर जनपद बुलंदशहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों का आगामी जनवरी में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। पिंटू राणा ने पदक विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

होटल में कथित देह व्यापार का भंडाफोड़, कर्मचारी समेत कई हिरासत में

खुर्जा। पहासू रोड स्थित प्रेम नर्सरी के पास संचालित होटल हॉलीडे इन में कथित देह व्यापार की सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए होटल कर्मचारी कुलदीप समेत कई लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नहर में मिला 22 वर्षीय महिला का शव, शिनाख्त नहीं

शिकारपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव देवराला के पास बुधवार को नहर में 22 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला ने पीले रंग की कुर्ती और काली जींस पहन रखी थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया।

दीवानी कचहरी में 12 लाख की लागत से बने सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण

महापौर और नगर आयुक्त ने किया उद्घाटन, महिला-पुरुषों के लिए उपलब्ध होंगी सुविधाएं

■ अलीगढ़

दीवानी कचहरी के मजार गेट के पास नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लगभग 12 लाख रुपये की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है। बुधवार को महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने संयुक्त रूप से इसका लोकार्पण किया।नगर आयुक्त के अनुसार, शौचालय में महिलाओं के लिए दो और पुरुषों के लिए तीन सीटें, तीन सीटों वाला पुरुष मूत्रालय, देखरेख



दीवानी कचहरी में सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण करते महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा

कक्ष तथा सैनिटरी पैड मशीन की सुविधा है। इसके संचालन और रखरखाव की व्यवस्था भी की गई है।महापौर ने कहा कि शहर के व्यस्त बाजारों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय व मूत्रालय की सुविधाएं बढ़ाना नगर निगम की प्राथमिकता है। नगर आयुक्त ने बताया कि दीवानी कचहरी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के आने को देखते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।लोकार्पण के दौरान पार्षद इमरान, उप नगर आयुक्त अमित कुमार सिंह और सहायक अभियंता राजवीर सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारित न करने पर महाविद्यालयों पर होगी कार्रवाई

■ अलीगढ़

■ 31 अक्टूबर तक बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कर आवेदन भेजने के निर्देश, लापरवाही पर संबद्धता समाप्त करने और प्राथमिकी की कार्रवाई संभव

राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबद्ध महाविद्यालयों को छात्रवृत्ति आवेदनों का समयबद्ध अग्रसारण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। 28 अक्टूबर को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में आवेदनों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अग्रसारित न किए जाने पर नाराजगी जताई गई।विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रबुद्ध सिंह ने महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों को पात्र विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कराकर 31 अक्टूबर 2026 तक आवेदन अनिवार्य रूप से अग्रसारित करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि समयसीमा में आवेदन अग्रसारित न होने पर संबंधित महाविद्यालय की जिम्मेदारी तय की जाएगी। लापरवाही मिलने पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई, संबद्धता समाप्त करने और प्राथमिकी दर्ज कराने जैसे कदम उठाए जा सकते हैं।

सीबी गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव 'उड़ान'

■ अलीगढ़

मथुरा रोड स्थित सिंघारपुर के सी.बी. गुप्ता सरस्वती विद्यापीठ में मंगलवार को वार्षिक उत्सव 'उड़ान' धूमधाम से मनाया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जयंत शर्मा ने की। मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री डॉ. प्रभाष्कर राय तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती व गणेश वंदना से हुआ। स्वामी पूर्णानंद पुरी जी महाराज ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ संस्कार देना भी है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास और गौ सेवा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. प्रभाष्कर



सरस्वती विद्यापीठ के वार्षिक उत्सव 'उड़ान' का शुभारंभ करते डॉ. जयंत शर्मा, डॉ. प्रभाष्कर राय तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह वडॉ राजीव अग्रवाल

राय ने भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया, जबकि विजय सिंह ने आयोजन को भारतीय संस्कृति का सुंदर संगम कहा।समारोह में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'तेजस्वी' का विमोचन किया गया। विद्यार्थियों ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत', 'शिव शक्ति मिलन', महारानी लक्ष्मीबाई, वरिष्ठ नागरिक सम्मान और डॉ. हेडगेवार के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। लेजिम और डंबल के शारीरिक प्रदर्शन ने भी दर्शकों की सराहना बटोरी। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. जयंत शर्मा ने भारतीय शिक्षा, संस्कृति और सभ्यता पर आधारित प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। विद्यालय सचिव राजीव वार्ष्णेय ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर संस्था की उपलब्धियों और गतिविधियों की जानकारी दी।

सौभाग्य महोत्सव के अंतर्गत नौरंगाबाद में लगा करवा चौथ स्पेशल मेहंदी शिविर

■ रोजगार भारती के सौभाग्य महोत्सव के तहत महिलाओं को मिली मेहंदी लगाने की सुविधा

■ अलीगढ़

रोजगार भारती, हरिगढ़ विभाग की ओर से आयोजित सौभाग्य महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को नौरंगाबाद में पतंजलि स्टोर के पास करवा चौथ स्पेशल मेहंदी शिविर लगाया गया। इसका उद्देश्य करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं को मेहंदी लगाने की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार को प्रोत्साहित करना है।महोत्सव के पहले दिन मंगलवार को शहर के 17 स्थानों पर मेहंदी स्टॉल लगाए



सौभाग्य महोत्सव के अंतर्गत नौरंगाबाद में पतंजलि स्टोर के पास लगाया हुआ करवाचौथ स्पेशल मेहंदी शिविर।

गए। स्वर्ण जयंती नगर स्थित एनएस-4 सैलून और एडीए मंदिर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन, एसपी सिटी सहित अधिकारियों ने स्टॉल का शुभारंभ किया। वहीं नौरंगाबाद स्थित गौरव ज्वेलर्स, जीटी रोड पर महानगर संघचालक देवेंद्र शर्मा हनुमान और विभाग कार्यवाह अजय सर्राफ ने मेहंदी स्टॉल का उद्घाटन किया।रोजगार भारती की इस पहल का उद्देश्य स्वदेशी भावना को बढ़ावा देने के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बुधवार को भी निर्धारित स्थानों पर मेहंदी शिविर लगाए गए।

समाजसेवी लालता प्रसाद गौतम का निधन

खैर। मोहल्ला गौतमान निवासी लालता प्रसाद गौतम पुत्र रघुवरदयाल गौतम का बीते दिन हृदयगति रूकने से निधन हो गया। वह सत्तर वर्ष के थे। मृदुभाषी व सौम्य स्वभाव के श्री गौतम के निधन की सूचना पर उनके परिचित, शुभचिंतक व रिश्तेदार उनके हाल निवास नरसिंह मणि मंदिर के निकट स्थित आवास पर पहुंचे तथा शोक संवेदना व्यक्त की। स्थानीय शिवधाम में उनके इकलौते पुत्र बाबू गौतम ने उन्हें अन्तिम मुखाग्नि दी। उन्होंने अपने छोटे भाई देवेन्द्र गौतम उर्फभूरा, अपनी पत्नी, चार विवाहित पुत्री व इकलौते पुत्र को रोते बिलखते हुए छोडा है। उनके निधन पर सांसद सतीश गौतम, राजस्व राज्य मंत्री सुरेन्द्र दिलेर, पूर्व विधायक प्रमोद गौड, चेयरमैन संजय शर्मा, पूर्व चेयरमैन संजीव अग्रवाल, पूर्व वाइस चेयरमैन आनंद शर्मा, यतेन्द्र गौतम, रामप्रकाश शर्मा, सुशील काली, भाजपा नेता सुशील गर्ग, सभासद जितेन्द्र गौतम, सुनील गौतम, पूर्व कानूनगो मुरारीलाल गौतम, पवन गौतम, योगेश गौतम, एडवोकेट अभिषेक गौतम आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

पावरग्रिड की ओर से वॉकथान का हुआ आयोजन



गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

■ खैर

पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड, उत्तरी क्षेत्र तीन के अलीगढ उपकेंद्र द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ''सत्यनिष्ठा से समृद्धि'' विषय पर फ़तेहपुर में वॉकथान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देशय जनमानस में ईमानदारी, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना था। फ़तेहपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपकेंद्र के उप महाप्रबंधक श्री नितिन चौहान ने कार्यक्रम के जरिए पारदर्शिता, सुशासन और सतर्कता के लिए पावरग्रिड की प्रतिबद्धता को दोहराया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन से नैतिक मूल्यों को मजबूत करने तथा जिम्मेदार और पारदर्शी कार्यप्रणाली के साथ राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने के लिए पावरग्रिड की प्रतिबद्धता को दर्शाया गया। पूर्व प्रधान संजय मनोज दिवाकर एडवोकेट ने भ्रष्टाचार-मुक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में सत्यनिष्ठा, जवाबदेही और सतर्कता के महत्त्व पर जोर दिया। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक बृज किशोर, प्रबंधक विनय कुमार एवं उप प्रबंधक यतेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

जनगणना में सही जानकारी देना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी - जिलाधिकारी

अलीगढ़। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में जनगणना को लेकर महाविद्यालयों और विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक हुई। इसमें उन्होंने शिक्षण संस्थानों से जनगणना कार्य में प्रगणकों का सहयोग करने और आमजन को जागरूक करने की अपील की।जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से जनगणना के लिए घर आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराने और उनके साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की अपील की। नागरिक स्व-गणना के विकल्प से भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार ने प्रधानाचार्यों से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया, ताकि यह कार्य सुचारु और प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया सर्तकता जागरूकता दिवस

■ खैर

गौमत स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटिड के विक्रय अधिकारी अवनीश कुमार व शान्ति स्वरूप अग्रवाल ऑटोमोबाइल गौमत के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जिसका उद्देश्य ईमानदारी को बढ़ावा देना तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता पैदा करना है।

26 अक्टूबर से एक नवम्बर तक चलने वाले कार्यक्रम के तहत बुधवार को विद्यालय में सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। बाद में



पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी, निकट मौजूद चेयरमैन राजेश गोयल व प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा।

बच्चों ने रचनात्मकता के माध्यम से सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर एक से बढ़कर एक चार्ट पेपर पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। स्कूल के सभी शिक्षकगण ने सतर्कता शपथ लेकर कार्य प्रणाली में ईमानदारी व सत्यनिष्ठा के मूल्यों को बनाये रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले विधार्थियों को स्कूल के चेयरमैन राजेश गोयल, प्रधानाचार्या लक्ष्मी शर्मा, सचिव अंजू गोयल ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ब्लॉक को निपुण बनाने की रणनीति पर किया मंथन

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक किए सम्मानित

■ बीईओ जितेंद्र सिंह ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

■ खैर



बेहतर कार्य करने वाले स्टाफ को सम्मानित करते बीईओ जितेन्द्र सिंह।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अलीगढ़ के निर्देशानुसार बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र खैर पर बीईओ जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक को निपुण बनाने की रणनीति, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार और शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और एआरपी टीम को सम्मानित भी किया गया। बैठक में प्रभारी एसआरजी डा0 अनिल राघव ने ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए आवश्यक रणनीति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, निपुण सेल की सदस्य आयुषी ने निपुण प्लस ऐप के माध्यम से आकलन के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। बीईओ जितेंद्र सिंह ने कहा कि ÷ब्लॉक को निपुण बनाने के लिए सभी शिक्षकों को सामूहिक जिम्मेदारी और पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना होगा। बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित शैक्षिक अनुश्रवण और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में निरंतर सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक प्रधानाध्यापक अपने विद्यालय में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्ययोजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि खैर ब्लॉक को निपुण बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके।÷उन्होंने शिक्षकों से शैक्षिक गतिविधियों में नवाचार अपनाने, बच्चों की सीखने संबंधी कठिनाइयों को पहचानने तथा उनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने का आह्वान किया। साथ ही ब्लॉक में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। बैठक के अंत में बीईओ जितेंद्र सिंह ने बेहतर कार्य करने वाली अपनी एआरपी टीम को भी सम्मानित किया। बैठक का संचालन नोडल एआरपी अशोक कुमार ने किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अजय अग्रवाल, देवकुमार, सुरेश सिंह, संजय गौड़, अमर सिंह, भुवनेश चौहान, मुकेश कुमार, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

गौमत में विद्यार्थियों ने जाना ग्रामीण संस्कृति का महत्व

■ पर्यटन ग्राम गौमत में विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

■ खैर

उत्तर प्रदेश ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आदर्श सेवा समिति ने पर्यटन ग्राम गौमत में गुरुकुल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने श्री राम गुफ़, श्री कृष्ण आर्य गुरुकुल देवालय, बलदेव दाऊ जी मंदिर, बलदेव कुंड और चंद्रसेन मंदिर का भ्रमण कर धार्मिक एवं



गौमत में पर्यटक स्थल का भ्रमण करते गुरूकुल पब्लिक स्कूल के विधार्थी।

सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा स्थानीय कारीगरों के हस्तशिल्प और होमस्टे का अवलोकन कर पारंपरिक कौशल, ग्रामीण आतिथ्य और स्थानीय रोजगार के अवसरों को समझा। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण जीवनशैली, आध्यात्मिक विरासत, पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक संस्कृति से परिचित कराना था। इस अवसर पर जिला समन्वयक बॉबी सोलंकी और ग्राम समन्वयक पवन कुमार मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को ग्रामीण पर्यटन के महत्व और स्थानीय समुदाय के आर्थिक विकास में इसकी भूमिका की जानकारी दी।

सुभाषितम्

क्षणशः कणशश्चैव विद्यां अर्थं च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्॥

क्षण-क्षण का उपयोग सीखने के लिए और प्रत्येक छोटे से छोटे सिक्के का उपयोग उसे बचाकर रखने के लिए करना चाहिए। क्षण को नष्ट करके विद्याप्राप्ति नहीं की जा सकती और सिक्कों को नष्ट करके धन नहीं प्राप्त किया जा सकता।

संपादकीय

अभिषेक और वैभव : भारतीय क्रिकेट की नई नींव

भारतीय क्रिकेट की परंपरा में प्रतिभाओं का आगमन कोई नई बात नहीं है, लेकिन कुछ खिलाड़ी अपने खेल से केवल कीर्तिमान नहीं बनाते, बल्कि टीम की सोच, शैली और भविष्य की दिशा भी बदल देते हैं। अभिषेक शर्मा और वैभव सूर्यवंशी ऐसे ही उभरते सितारे हैं। उनकी बल्लेबाजी में आक्रामकता, निर्भीकता और आत्मविश्वास का संगम भारतीय क्रिकेट की बदलती तस्वीर का परिचायक है। ये दोनों खिलाड़ी अब केवल संभावनाओं के नाम नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट की भावी शक्ति और नई नींव के रूप में उभर रहे हैं।

अभिषेक शर्मा ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सिद्ध किया है कि आधुनिक टी-20 क्रिकेट में आक्रामकता केवल शारीरिक क्षमता नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और तकनीकी कौशल का परिणाम भी है। गेंदबाजों की प्रतिष्ठा, मैदान की परिस्थितियां और लक्ष्य का दबाव उनके आत्मविश्वास को आसानी से विचलित नहीं करते। पहली गेंद से विपक्षी आक्रमण पर दबाव बनाने और तेजी से रन बटोरने की उनकी क्षमता उन्हें विशिष्ट बनाती है। लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन और शतकीय पारियां उनके विकसित होते कौशल का प्रमाण हैं।

दूसरी ओर, वैभव सूर्यवंशी की प्रतिभा इसलिए आकर्षित करती है कि इतनी कम उम्र में उनमें बड़े मंच पर खेलने का असाधारण साहस दिखाई देता है। उम्र जहां सामान्यतः अनुभव की कमी का संकेत मानी जाती है, वहीं वैभव अपनी बल्लेबाजी से इस धारणा को चुनौती देते हैं। उनके शॉट्स में सहजता, गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाने का आत्मविश्वास और अपनी पहचान बनाने की ललक दिखाई देती है। उनकी उपलब्धि केवल तेजी से रन बनाना नहीं, बल्कि दबाव के क्षणों में अपनी स्वाभाविक शैली बनाए रखना भी है।

इन दोनों की विशेषता यह है कि उनकी आक्रामकता भारतीय क्रिकेट की नई पीढ़ी में विकसित हो रहे आत्मविश्वास को अभिव्यक्त करती है। अब भारतीय बल्लेबाज केवल परिस्थितियों के अनुरूप खेलने तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि उन्हें अपने अनुकूल बनाने का साहस भी दिखाते हैं। अभिषेक और वैभव इसी परिवर्तन के प्रतिनिधि हैं। उनकी साझेदारी विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाकर भारतीय टीम को शुरुआती ओवरों में निर्णायक बढ़त दिलाने की क्षमता रखती है।

हालांकि, इस चमक को स्थायी उपलब्धि में बदलने के लिए निरंतरता, अनुशासन और धैर्य आवश्यक हैं। आक्रामक बल्लेबाजी के साथ परिस्थितियों को पढ़ने, कठिन दौर से निकलने और तकनीकी कमजोरियों पर काम करने की कला ही किसी प्रतिभा को महान खिलाड़ी बनाती है। विशेषकर वैभव के लिए उचित मार्गदर्शन और स्वाभाविक विकास का अवसर महत्त्वपूर्ण है। अभिषेक के सामने भी बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपनी लय बनाए रखने की चुनौती होगी।

भारतीय क्रिकेट को इन दोनों से केवल रन और रिकॉर्ड की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए, बल्कि उन्हें अपनी क्षमता के अनुरूप विकसित होने का अवसर भी देना चाहिए। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह की प्रशंसा और उनका चुटीला अंदाज भी इस नई पीढ़ी की प्रतिभा के प्रति उत्साह को रेखांकित करता है।

अभिषेक और वैभव भारतीय क्रिकेट के नए सितारे अवश्य हैं, लेकिन उनका महत्व इससे कहीं आगे है। वे उस भविष्य की नींव रख रहे हैं, जिसमें निर्भीकता के साथ जिम्मेदारी, प्रतिभा के साथ परिपक्वता और व्यक्तिगत उपलब्धियों के साथ टीम की विजय सर्वोपरि होगी। उनकी सफलता का मूल्यांकन केवल शतकों, छक्कों और कीर्तिमानों से नहीं, बल्कि भारतीय क्रिकेट को निरंतर विजय दिलाने की क्षमता से होना चाहिए। सितारों का चमकना सुखद है, लेकिन उनका ध्रुवतारा बन जाना भारतीय क्रिकेट का वास्तविक भविष्य है।

पाती

महंगाई ने बिगाड़ा दिवाली का बजट

इस बार दीपावली पर बढ़ती महंगाई ने मध्यमवर्गीय परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। इसका सबसे ज्यादा असर गृहिणियों पर पड़ा है। चीनी के दाम 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंचने से घर में मिठाइयां और पकवान बनाना महंगा हो गया है। रिफाइंड तेल, सरसों तेल, मैदा और सूजी की कीमतों में बढ़ोतरी ने रसोई का खर्च बढ़ा दिया है। पिस्ता और बादाम महंगे होने से मेवों के उपहार भी बजट से बाहर हो रहे हैं। त्योहार पर नए कपड़े खरीदने और दूसरी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है। सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि आम परिवार भी त्योहार खुशियों से मना सकें।

■ अनीता दीक्षित

आज का इतिहास

- 1851: बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना हुई। इस संस्था ने ब्रिटिश शासन के समक्ष भारतीयों के हितों और अधिकारों से जुड़े प्रश्न उठाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- 1920: अलीगढ़ में जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना हुई। बाद में इस शिक्षण संस्थान को दिल्ली स्थानांतरित किया गया।
- 1999: ओडिशा में विनाशकारी महाचक्रवात ने भारी तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा में हजारों लोगों की जान गई और व्यापक स्तर पर संपत्ति एवं कृषि को नुकसान पहुंचा।
- 2005: दिल्ली के सरोजिनी नगर और पहाड़गंज सहित विभिन्न बाजारों में सिलसिलेवार बम धमाके हुए। इन आतंकवादी हमलों में लगभग 60 लोगों की मृत्यु हुई और अनेक लोग घायल हुए।
- 2012: भारत के प्रसिद्ध क्यूइस्ट पंकज आडवाणी ने अपना सातवां विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता।
- 2015: चीन ने अपनी दशकों पुरानी एक-बच्चा नीति समाप्त करने की घोषणा की। इस निर्णय के साथ देश में परिवार नियोजन संबंधी नीति में महत्त्वपूर्ण बदलाव का मार्ग प्रशस्त हुआ।
- 1863: जिनेवा में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस आंदोलन की स्थापना से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इसका उद्देश्य युद्ध और आपदाओं के दौरान पीड़ितों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराना था।

ब्रांड बड़े, भरोसा छोटा: मिलावट के जहर से कब जागेगा देश?

आम आदमी खाद्य पदार्थ की खरीदते समय शुद्धता की पूरी जांच नहीं कर सकता। पैकेट की जानकारी पढ़ना उपयोगी है, लेकिन हर मिलावट का पता उपभोक्ता नहीं लगा सकता। इसलिए खाद्य सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालना अनुचित है; मजबूत नियामक व्यवस्था जरूरी है।

विडंबना



■ एड. जयदेव राठी

खाद्य पदार्थों में मिलावट अब केवल बाजार में होने वाली धोखाधड़ी नहीं, बल्कि आम आदमी की सेहत, आर्थिक सुरक्षा और व्यवस्था की जवाबदेही से जुड़ा गंभीर सवाल बन चुकी है। जिस भोजन को मनुष्य जीवन का आधार मानता है, वही उसकी सेहत के लिए खतरा बनने लगे तो चिंता स्वाभाविक है। विडंबना है कि विज्ञान, तकनीक और खाद्य प्रसंस्करण में तेजी से प्रगति के बावजूद खाने-पीने की वस्तुओं की शुद्धता को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। नामी कंपनियों के उत्पादों की गुणवत्ता पर सवाल उठने से उपभोक्ताओं का भरोसा कमजोर होता है। हाल में मीडिया में प्रकाशित खबर में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की कार्रवाई के संदर्भ में कुछ बड़े ब्रांडों के उत्पादों में कथित अनियमितताओं का उल्लेख हुआ।

बाजार में उत्पाद की पहचान गुणवत्ता के साथ ब्रांड, पैकेजिंग और विज्ञापन से भी बनती है। कंपनियों के बड़े-बड़े दावे उपभोक्ता को विश्वास दिलाते हैं कि महंगा और प्रतिष्ठित ब्रांड सुरक्षित विकल्प है। इसी भरोसे लोग सीमित बजट में भी नामी उत्पाद खरीदते हैं।

गुणवत्ता पर सवाल उठने से उपभोक्ता असमंजस में पड़ता है। हालांकि, किसी नमूने का मानकों पर खरा न उतरना और कंपनी पर मिलावट का आरोप लगना अलग स्थितियां हैं। जांच के निष्कर्ष, कंपनी का पक्ष और नियामक संस्था की अंतिम कार्रवाई पारदर्शी ढंग से सामने आनी चाहिए।

प्रतिस्पर्धा का आधार गुणवत्ता और उपभोक्ता का विश्वास होना चाहिए, केवल प्रचार और मुनाफा नहीं। दावे वास्तविक गुणवत्ता से मेल न खाएं, तो यह उपभोक्ता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ है।

मिलावटखोरी का सबसे गंभीर पहलू यह है कि इसका नुकसान तत्काल दिखाई नहीं देता। दूषित खाद्य पदार्थ के सेवन से हर व्यक्ति तुरंत बीमार पड़े, यह जरूरी नहीं; स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कई बार लंबे समय बाद सामने आते हैं। इसलिए खाद्य पदार्थों की शुद्धता सामान्य खरीदारी से आगे बढ़कर सार्वजनिक स्वास्थ्य का विषय है।

दूध, घी, तेल, मसाले, मिठाइयां, बिस्कुट और पैकेटबंद खाद्य पदार्थ दैनिक जीवन का हिस्सा हैं। इनकी हानिकारक मिलावट व्यापक आबादी को प्रभावित कर सकती है और बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बीमार लोगों के लिए अधिक जोखिम पैदा करती है।

इसका आर्थिक पक्ष भी गंभीर है। सामान्य परिवार भोजन, शिक्षा, आवास और स्वास्थ्य पर बड़ी राशि खर्च करता है। असुरक्षित खाद्य पदार्थों से बीमारी होने पर इलाज और दवाइयों का अतिरिक्त खर्च आर्थिक संकट बन सकता है।

आम आदमी खरीदते समय खाद्य पदार्थ की शुद्धता की पूरी जांच नहीं कर सकता। पैकेट की जानकारी पढ़ना उपयोगी है, लेकिन हर मिलावट का पता उपभोक्ता नहीं लगा सकता। इसलिए खाद्य सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालना अनुचित है; मजबूत नियामक व्यवस्था जरूरी है।



खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 और उसके अंतर्गत बने नियमों का ढांचा मौजूद है। एफएसएसएआई राष्ट्रीय स्तर पर खाद्य सुरक्षा के मानक निर्धारित करता है, जबकि राज्य स्तरीय एजेंसियां निरीक्षण, नमूने लेने और कानून के अनुसार कार्रवाई करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद सवाल है कि मिलावट और गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं को रोकने के लिए निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी है। इसके लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों में बेहतर समन्वय, निरीक्षण का सार्वजनिक विवरण और शिकायतों के निस्तारण की समयसीमा तय होनी चाहिए। समय पर विश्वसनीय सूचना से उपभोक्ता अफवाहों से बचेंगे, सही निर्णय ले सकेंगे और ईमानदार कंपनियों की प्रतिष्ठा भी सुरक्षित रहेगी।

केवल छापेमारी और नोटिस से समाधान नहीं होगा। जोखिम आधारित निरीक्षण, अधिक उपभोग वाले उत्पादों की जांच, प्रयोगशालाओं की क्षमता में वृद्धि, समय पर रिपोर्ट और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई जरूरी है।

नमूना मानकों पर खरा न उतरे, तो उपभोक्ता को जानने का अधिकार है कि कंपनी ने सुधार किया, उत्पाद वापस लिया, दंड भुगता या दोबारा जांच हुई। ऐसी जानकारी से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी।

सरकार और संबंधित एजेंसियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि नियम सभी पर समान रूप से लागू हों। किसी कंपनी का आकार, बाजार में हिस्सेदारी या विज्ञापनों में लोकप्रियता कानून के अनुपालन में छूट का आधार नहीं बन सकती। दूसरी ओर, केवल आरोप के आधार पर किसी ब्रांड को दोषी घोषित करना भी उचित नहीं। निष्पक्ष जांच और प्रमाण आधारित कार्रवाई ही व्यवस्था में विश्वास बनाए रख सकती है।

खाद्य कारोबार सीधे जीवन से जुड़ा है, इसलिए कंपनियों की जिम्मेदारी अधिक है। उपभोक्ता उत्पाद के साथ भरोसा भी खरीदता है। कच्चे माल की जांच, उत्पादन प्रक्रिया की निगरानी, स्वच्छता और तैयार उत्पादों की नियमित जांच जरूरी है। कंपनियां गुणवत्ता नियंत्रण को औपचारिकता नहीं, जिम्मेदारी मानें। गंभीर खामी पर सुधार और जरूरत पड़ने पर उत्पाद वापस लेना भी जरूरी है।

मिलावटखोरी के खिलाफ जागरूक उपभोक्ता भी भूमिका निभा सकता है। खरीदारी के समय निर्माण और समाप्ति तिथि, पैकेजिंग, सामग्री तथा लाइसेंस की जानकारी देखें। संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग या उपभोक्ता शिकायत व्यवस्था से संपर्क करें और बिल सुरक्षित रखें।

जागरूकता का अर्थ जिम्मेदारी आम आदमी पर डालना नहीं है। शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई और दोषियों को दंड मिलना चाहिए। मीडिया सनसनी के बजाय जांच के निष्कर्ष, सरकारी कार्रवाई और उपभोक्ता अधिकारों से जुड़े तथ्य सामने लाए।

सवाल है कि मिलावटखोरी के खिलाफ आक्रोश व्यापक जनचेतना में कब बदलेगा? बड़ी खबरों पर कुछ दिन चर्चा होती है, फिर मामला भुला दिया जाता है। खाद्य सुरक्षा पर निरंतर निगरानी और सार्वजनिक दबाव जरूरी है। नागरिक सवाल पूछें, जनप्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाएं और कार्रवाई की जानकारी मांगें।

लोकतंत्र में जनता की आवाज तभी प्रभावी बनती है, जब वह तथ्यों और अधिकारों के आधार पर निरंतर उठाई जाए। खाद्य सुरक्षा के मामले में भी यही रास्ता अपनाना होगा। किसी कंपनी के खिलाफ अपुष्ट आरोप फैलाने के बजाय प्रमाणित शिकायत करना और जांच के परिणामों पर नजर रखना अधिक प्रभावी तरीका है।

अंततः किसी देश की प्रगति का मूल्यांकन केवल आर्थिक वृद्धि, बड़े उद्योगों या बाजार में उपलब्ध ब्रांडों की संख्या से नहीं किया जा सकता। असली कसौटी यह भी है कि नागरिकों को सुरक्षित भोजन, स्वच्छ पानी और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कितनी सुलभ हैं। यदि आम आदमी अपनी थाली के भोजन की शुद्धता को लेकर आशंकित है, तो यह व्यवस्था के लिए आत्ममंथन का विषय है।

ब्रांड की प्रतिष्ठा विज्ञापन से बन सकती है, लेकिन भरोसा गुणवत्ता और ईमानदारी से ही कायम रहता है। मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए सरकार की सख्ती, कंपनियों की जवाबदेही, जांच व्यवस्था की पारदर्शिता और जनता की जागरूकता एक साथ जरूरी हैं। आखिर मुनाफे से अधिक मूल्यवान मनुष्य का जीवन है। भोजन जीवन देने का माध्यम होना चाहिए, बीमारी और आर्थिक संकट का कारण नहीं। अब समय आ गया है कि खाद्य सुरक्षा को केवल सरकारी फाइलों और कभी-कभार की कार्रवाई का विषय न मानकर राष्ट्रीय जनस्वास्थ्य की प्राथमिकता बनाया जाए।

(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार है।)

करवा चौथ: दांपत्य जीवन की मधुर परंपरा



■ महेन्द्र तिवारी

भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे पारिवारिक संबंधों को मजबूत बनाने और जीवन में प्रेम, उल्लास तथा आत्मीयता का संचार करने के माध्यम भी हैं। करवा चौथ ऐसा ही एक पर्व है, जिसका विवाहित महिलाओं के जीवन में विशेष महत्व है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला यह त्योहार पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से जुड़ा है। इस वर्ष करवा चौथ का व्रत 29 अक्टूबर, गुरुवार को रखा जाएगा।

करवा चौथ की तैयारियां कई दिन पहले से ही आरंभ हो जाती हैं। बाजारों में रंग-बिरंगी चूड़ियां, सुंदर वस्त्र, आभूषण, मेहंदी और पूजा की सामग्री सजने लगती है। महिलाएं अपने हाथों पर मेहंदी रचाती हैं और पारंपरिक वेशभूषा में सजती-संवरती हैं। घरों में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई देता है। कहीं महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा की तैयारी करती हैं, तो कहीं परिवार के सदस्य मिलकर इस दिन को विशेष बनाने का प्रयास करते हैं। इन तैयारियों में केवल सजने-संवरने का उत्साह नहीं, बल्कि अपनों के साथ खुशियां बांटने की भावना भी छिपी होती है।

परंपरा के अनुसार, करवा चौथ के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण करती हैं और इसके बाद व्रत आरंभ करती हैं। अनेक महिलाएं पूरे दिन अन्न और जल ग्रहण नहीं करतीं। शाम को भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और करवा माता की पूजा की जाती है। महिलाएं एकत्र होकर करवा चौथ की कथा सुनती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। पूजा में करवे का विशेष महत्व है। करवा मिट्टी का वह पात्र है, जिसमें जल रखकर चंद्रमा को अर्घ्य दिया जाता है।

इस पर्व का सबसे प्रतीक्षित क्षण चंद्रमा के उदय होने का होता है। दिनभर व्रत रखने के बाद महिलाएं चंद्रमा के दर्शन करती हैं, उन्हें अर्घ्य अर्पित करती हैं और परंपरा के अनुसार छलनी से पहले चंद्रमा तथा फिर अपने पति का चेहरा देखती हैं। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण करके व्रत खोलने की परंपरा अनेक परिवारों में प्रचलित है। चांद के दर्शन के साथ ही दिनभर की प्रतीक्षा समाप्त होती है और परिवार में खुशियों का वातावरण छा जाता है।



करवा चौथ का धार्मिक महत्व अपनी जगह है, लेकिन इसका भावनात्मक पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, सहयोग और जिम्मेदारी की याद दिलाता है। हालांकि, किसी भी रिश्ते की मजबूती केवल व्रत या अनुष्ठान पर निर्भर नहीं करती। एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना, कठिन समय में साथ देना और जीवन की जिम्मेदारियों को साझा करना दांपत्य जीवन को वास्तविक अर्थों में सुखी बनाता है।

बदलते समय के साथ करवा चौथ का स्वरूप भी व्यापक हुआ है। आज अनेक पति अपनी पत्नी के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए स्वयं भी व्रत रखते हैं। यह बदलाव बताता है कि रिश्तों में समर्पण एकतरफा नहीं, बल्कि परस्पर होना चाहिए। पति-पत्नी दोनों एक-दूसरे के स्वास्थ्य, सुख और सम्मान की चिंता करें, तभी परिवार में समानता और आत्मीयता का वातावरण बनता है।

करवा चौथ की परंपरा हमें यह संदेश देती है कि जीवन की व्यस्तताओं के बीच अपने संबंधों के लिए समय निकालना आवश्यक है। उपहार, आभूषण और सजावट त्योहार की सुंदरता बढ़ाते हैं, लेकिन रिश्तों की असली चमक स्नेह, विश्वास और संवेदनशीलता से आती है। चांद का इंतजार समाप्त हो जाता है, रात ढल जाती है और त्योहार बीत जाता है, लेकिन प्रेम और अपनत्व की अनुभूति लंबे समय तक बनी रहती है। यही करवा चौथ की वास्तविक सुंदरता है।

(लेखक स्तंभकार है।)

राजमाता से मिली दृढ़ता और सेवा की सीख

जयंती पर स्मरण



■ यशोधरा राजे सिंधिया

मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत के महान कवि श्री माखन लाल चतुर्वेदी जी की एक पंक्ति है:

'सफलता पाई अथवा नहीं,
उन्हें क्या ज्ञात? दे चुके प्राण!
विश्व को चाहिए उच्च विचार?
नहीं, केवल अपना बलिदान।'

जब भी मैं श्रद्धेया अम्मा (राजमाता विजयाराजे सिंधिया) के बारे में सोचती हूं, मुझे माखन लाल जी कि ये पंक्तियां याद आ जाती हैं। दुनिया में 'उच्च विचारों' की कमी नहीं है। बहुत से लोग बहुत ऊंचा सोचते हैं लेकिन जब त्याग और कर्म की घड़ी आती है तो उनका इतिहास में कहीं कोई नाम नहीं होता। अयोध्या का भव्य राम मंदिर इस बात का गवाह है कि राजमाता ने कैसे अपने विचार, संकल्प और त्याग की पूंजी से उसकी आधारशिला को सींचा था।

जब से मैंने होश संभाला, राजमहल की दीवारों के भीतर और उससे बाहर की दुनिया को जानने-समझने लगी, अम्मा के प्रति मेरा स्नेह बढ़ता ही गया। मैंने देखा कि एक ओर वे राजमहल की गरिमा और मर्यादा का सदैव सम्मान करती रहीं और दूसरी ओर जब लोक दायित्वों के कारण जनता और जनजीवन से उनका सम्बंध जुड़ा तो वे उनके बीच वैसे ही घुल-मिल गईं जैसे पानी में नमक। व्यक्तित्व का यह अद्भुत संतुलन था उनमें जिसने छुटपन से ही मुझे प्रेरित किया और मैं उन्हीं की तरह बनने की चेष्टा करने लगी। इस चेष्टा में मैं कितना सफल हुई इसका आकलन तो शायद वे लोग ही कर सकते हैं जिनकी सेवा का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ।

वे ज्यादातर चुप रहती थीं लेकिन उनके मौन में जो अपार धैर्य छिपा था उसका आभास मुझे आपातकाल (इमर्जेंसी) के दौरान हुआ। आपातकाल का दौर उनके जीवन का ऐसा अध्याय था, जिसने मुझे लोकतंत्र और स्वतंत्रता का महत्व बहुत करीब से समझाया। उस कठिन समय में उनका साहस और संघर्ष मेरे लिए हमेशा प्रेरणा रहा। भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी तक की उनकी यात्रा भी राष्ट्रसेवा और विचारों के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की कहानी है।

अम्मा मेरे लिए सिर्फ माँ नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शिक्षिका थीं। उनमें मैंने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा 'गीता' के दूसरे अध्याय के 70वें श्लोक में कही गई इस बात को चरितार्थ होते देखा कि जैसे समुद्र अनेक नदियों को अपने में समेट कर भी कभी विचलित और अमर्यादित नहीं होता, वैसा ही हम सबको होना चाहिए। उनसे मैंने सीखा कि परिस्थितियों का उलटफेर चाहे कुछ भी हो, हमें न्याय और आदर्श पर दृढ़ रहना चाहिए।

लेकिन उनमें दृढ़ता के साथ अपार ममता भी थी। वे हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनतीं और समाज के अंतिम व्यक्ति के प्रति भी उतनी ही संवेदनशील रहती थीं। आज जीवन के किसी भी कठिन मोड़ पर निर्णय लेते समय उनकी सीख याद आती है—सही रास्ते पर डटे रहो, ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभाओ और हर व्यक्ति का सम्मान करो। मेरे लिए राजमाता के जीवन की यही सबसे अनमोल विरासत है।

(लेखिका म.प्र. की पूर्व कैबिनेट मंत्री व राजमाता की सुपुत्री हैं।)

राजमाता - एक दीपशिखा

वे केवल राजमहल की रानी नहीं थीं,
एक युग की चेतना थीं,
वैभव से उतरकर जनमानस में
राष्ट्रनिष्ठा की लौ जगाने वाली
एक तपस्विनी दीपशिखा थीं।

विजयाराजे–
नाम में विजय,
जीवन में संघर्ष की अनगिनत यात्राएँ,
राजसी आभूषणों से अधिक प्रिय
भारत की माटी और उसका स्वाभिमान।

उन्होंने राजनीति को
सत्ता नहीं, राष्ट्रसेवा माना,
जनता की पीड़ा में अपना दायित्व देखा,
जनविश्वास को जीवन का वैभव बनाया।

जब लोकतंत्र बंदी था,
विचारों पर पहरे थे,
तब मीसा की अँधेरी दीवारों के पीछे
वे विश्वास की लौ सँभाले रहीं।

सलाखें संकल्प बाँध न सकीं,
सत्ता उनका मस्तक झुका न सकी,
वे आँधी में अडिग पर्वत रहीं,
उनका संघर्ष लोकतंत्र का शंखनाद बना।

ग्वालियर ने उनका वैभव देखा,
देश ने उनका तपस्विनी रूप,
राजसत्ता से जनसेवा तक की यात्रा में
महारानी जनमाता बन गईं।

वे केवल परिवार की माँ नहीं थीं,
वे जन-जन का संबल थीं,
दुख में ममता, संघर्ष में साहस,
लोकमन की पीड़ा का आत्मीय उत्तर थीं।

उन्होंने सिखाया–
बड़प्पन सिंहासन से नहीं,
जनता के बीच खड़े होने से मिलता है;
लोकमाता वही, जो अपने सुख से पहले
जनहित और राष्ट्रहित चुने।

समय ने राजमहलों पर धूल लिखी,
पर उनकी दीपशिखा बुझी नहीं,
उनका संघर्ष लोकतंत्र की स्मृति,
उनकी ममता जनमानस की धरोहर बनी।

राजमाता, आपका मुकुट नहीं,
आपका अडिग मस्तक पहचान है,
जिसने राष्ट्र के आगे हर वैभव को छोटा माना।

राजसी होना जन्म से मिल सकता है,
पर जनमाता बनना
जीवनभर की साधना है।

■ चंद्रवेश पांडेय

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो० लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ० प्र० 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न०-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।

HAPPY KARWACHAUTH

रहे सलामत मेरा सजना और सजना का आंगन



फैस्टीवल के खास मौके पर हर महिला चाहती है कि वह अपने जीवन साथी के सामने परफैक्ट दिखे। हर कोई तैयार है त्यौहारों का मजा लूटने के लिए। महिलाएं तो त्यौहारों को लेकर बेहद उत्साहित रहती हैं। वे चाहती हैं कि इन खास मौकों पर कुछ खास दिखाई दें। इसके लिए वे महीनों पहले से तैयारियां भी शुरू कर देती हैं लेकिन कंप्लीट मेकअप और ड्रैसअप के बाद सोच में पड़ जाती हैं..

इन बातों का रखें ध्यान

करवाचौथ की थाली सजाने के बाद स्त्रियों को सोलह श्रृंगार करना चाहिए। इस दिन महिलाओं को संपूर्ण श्रृंगार करना शुभ माना गया है। इसके बाद पूजा मुहूर्त में मां गौरी और गणोश की पूजा करें। चंद्रमा के निकलने पर छलनी से या जल में चंद्रमा को देखें और जल अर्पित करें। इसके बाद करवाचौथ व्रत की कथा सुनें। व्रत के पारण के बाद सास या किसी वयोवृद्ध महिला को श्रृंगार का सामान देकर उनका आशीर्वाद लेना चाहिए।

मेकअप से पहले आपको बता दें कि आपका मेकअप वाटर प्रूफ प्रॉडक्ट से होना चाहिए, ऐसा मेकअप ज्यादा देर तक टिकेगा और आपको लंबे समय तक फ्रैश लुक भी देगा।

करवाचौथ की थाली

करवाचौथ की थाली चंद्रोदय से पूर्व सजायी जाती है। इस थाली को शुभ मुहूर्त में ही सजाना चाहिए। पूजा की थाली में छलनी, मिट्टी का करवा, मिट्टी का ढक्कन, दीपक, फूल, फल, सिंदूर, मेवे, दीयाबाती, कांसे की 7, 9 या फिर 11 तीलियां, कलावा, मिष्ठान, अक्षत, आटे का दीपक, अगरबत्ती, पूड़ी, पुआ, हलवा, कड़ी, चावल के आटे के मीठे लड्डू, तांबे या स्टील का लोटा आदि रखना चाहिए। पूजा की थाली में गाय के गोबर से बनी गौर भी रखें। पूजा की इस थाली में सिक्के भी रखने चाहिएं।

रखें कुछ बातों का ख्याल

फैस्टिवल के खास मौके पर हर महिला चाहती है कि वह अपने जीवन-साथी के सामने परफैक्ट दिखे।

रेडिएंट स्किन

स्किन को स्वस्थ रखने और इसमें चमक बनाए रखने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आप अधिक से अधिक पानी पिएं। मुल्तानी मिट्टी के साथ शहद वाले घर में बने घरेलू पैक का इस्तेमाल करें। अपने रोजाना की डाइट में फल और हरी सब्जियां लें।

हेयरडू

आज बालों को रंगने का चलन है। अपने चेहरे के आकार और उसके टोन के हिसाब से बालों का रंग चुनें। आपके परिधान के मुताबिक आपका हेयरस्टाइल बन, ब्रैड, कलर आदि आकार वाला हो सकता है। उपयुक्त हेयर एक्सैसरीज का इस्तेमाल करके आप अपने हेयर स्टाइल में चार चांद लगा सकती हैं। साधारण और आंखों को भा



जाने वाले लुक के लिए आप बालों को हल्का कलर कर सकती हैं या इसे सीधा रख सकती हैं।

आई मेकअप

रंगीन या सबका ध्यान खींचने वाले रंग के आई लाइनर का इस्तेमाल करें। आप डबल आई लाइनर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। पहले साधारण ब्लैक लाइनर का इस्तेमाल करें और फिर उसके ऊपर रंगीन लाइनर का। अगर आप वाकई आई शैडो का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो फिर आप कच्चे रंग को चुनें या फिर उसके ऊपर भूरा या काले रंग का इस्तेमाल स्मूक के तौर पर करें। आंख के बीचो-बीच कुछ ऐसे रंग का इस्तेमाल करें जो सबका ध्यान खींचे।

चेहरे का मेकअप

चेहरे पर फाऊंडेशन एकसार लगाएं जिससे कि आपका मेकअप ज्यादा भड़कीला नहीं लगे। इसके बाद कॉम्पैक्ट पाऊडर से टचअप करें।

होंठ

लिप्स यानी होंठ हमेशा ही आपके लुक को पूरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैरून और लाल रंग की लिपस्टिक का इस्तेमाल यहां न करें। किसी दूसरे मुख्य रंगों में से एक को चुनें, जैसे गहरा भूरा, बरगंडी ताकि आप कुछ अलग और आकर्षक लग सकें।

बिंदिया लगाकर बढ़ाएं अपनी खूबसूरती



बिंदी, सिंदूर की तरह ही सुहागन के सौभाग्य का प्रतीक होती है। इसे माथे पर लगाने से त्यौहार के दिन पारंपरिक लुक भी मिलता है। करवाचौथ के दिन आप अपने हाथों से कुमकुम की सुंदर-सी बिंदी लगा सकती हैं। वैसे औरों से अलग लुक पाने के लिए बाजार में मिलने वाली स्वरोस्की की बिंदी या फिर डिजाइनर बिंदी भी लगा सकती हैं।

गुलाबी गालों के लिए अपनाएं ये नुस्खे



अगर चाहती हैं कि आपके चेहरे से खुशी की लाली छिटकती रहे तो इसके लिए मेकअप करने के दौरान ब्लशर लगाना न भूलें। पिंक या पीच कलर का ब्लशर इस मौके पर अच्छा दिखेगा। दिन के वक्त बिल्कुल जरा-सा ब्लशर लगाएं, पर रात में थोड़ा-सा ज्यादा ब्लशर लगाना चाहिए ताकि रौशनी की कमी में आपकी खूबसूरती न छिपे। ब्लशर को ठोढ़ी से लेकर कनपट्टी तक लगाएं।

हाथों की मेहंदी

मेहंदी मोहब्बत की पहचान है, क्योंकि इसके रंग की गहराई ये बताती है कि पति अपनी पत्नी को कितना प्यार करता है। अपने हाथों और पैरों को और अधिक सुंदर बनाने के लिए आप वैक्सिंग, मैनिक्योर, पैडिक्योर आदि भी करा सकती हैं। नाखूनों के लिए बहुप्रचलित नेल आर्ट की ओर भी आप रु ख कर सकती हैं।





बदल रही चूड़ियों की खन-खन

परंपरागत तौर पर कांच की चूड़ियां तो सदाबहार हैं, लेकिन करवाचौथ पर आप कुछ अलग लुक चाहती हैं तो कांच की चूड़ियों के अलावा मैटल और पंजाबी चूड़े की भी ढेरों नई वैरायटी उपलब्ध हैं। मोटे कंगना स्टाइल के इन चूड़ी सैट में कांच की जगह का इस्तेमाल किया गया है। आप चाहें तो इन पर अपने पति का नाम भी लिखवा सकती हैं।

लहंगे में दिखें खास

अगर शादी के बाद यह आपका पहला करवाचौथ है और आप एक दुल्हन की तरह सजकर इसे यादगार बनाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्राइडल लुक कैरी कर सकती हैं। नई नवेली दुल्हनों के लिए यह लुक बिल्कुल परफैक्ट है। कृति सेनन की तरह आप रैड लहंगा-चोली को हैवी नेकलेस और मांग टीके के साथ कंप्लीट कर सकती हैं। यह लुक आपके करवाचौथ को खास और यादगार बना देगा।



सदाबहार है यह साड़ी लुक

आप अपने करवाचौथ लुक को अगर सिंपल और डीसैंट रखना चाहती हैं तो रैड साड़ी पहन सकती हैं। यह लुक एवरग्रीन है, जो कभी आऊटडेटेड नहीं होता है। आप रैड साड़ी लुक को गोल्डन ज्वैलरी और खूबसूरत हेयर स्टाइल के साथ कंप्लीट कर सकती हैं।



करवाचौथ

त्यौहार पर कुछ खास हेयर डिजाइंस

जूड़ाचोटी

माथे के ऊपर के केशों को लेकर पिनअप कर लें। उसके बाद कानों के ऊपर के केशों को लेकर बैक कांबिंग करें और इन्हें सैट करने के लिए जैल लगा लें। नीचे बचे केशों के 4-5 भाग कर लें और 1-1 भाग को उंगली पर लपेटते हुए बैक कांबिंग के नीचे पिनअप करती जाएं। अंतिम सिरों को ऐसे ही छोड़ दें। अब केशों पर स्प्रे करें। इसके बाद पीछे जो केश बचे हैं, उनकी एक पोनीटेल बनाकर उस के 4 भाग कर लें। दोनों साइड के सैक्शन के रोल बनाकर बैक कांबिंग के नीचे पिनअप कर दें। नीचे के अंतिम सैक्शन पर एक्सटैंशन केश लगाकर एक लंबी चोटी बना लें। इस पर आर्टिफिशियल फूलों अथवा मनचाही हेयर एक्सैसरीज से सजावट कर दें।



स्टाइलिश जूड़ा

साइड मांग निकालकर केशों को सैट कर लें। इसके बाद इयर टू इयर मांग निकाल कर केशों को 2 सैक्शन में बांटें और आगे के सैक्शन को बैक कांबिंग करते समय हल्का-सा पफ देते हुए केशों को पिनअप करें। अब बचे हुए सारे केशों को लेकर एक पोनीटेल बना लें। पोनीटेल के केशों को 6 भागों में बांट लें। हर भाग का रोल बनाते हुए पिनअप करती जाएं, साथ में स्प्रे भी करती जाएं। चाहें तो 2 लटों को रोलर से कलर करके ऐसे ही छोड़ दें। बैक कांबिंग पर बीट्स आदि से सजावट कर लें।



जूड़ा विद बैक कांबिंग

केशों की सीधी कंघी करके उनकी बैक कांबिंग कर लें और इयर टू इयर उन पर बीट्स लगाएं। बचे केशों की चोटी बना लें और उस पर भी बीड्स और गजरे लगाकर सजा दें।



पफ जूड़ा चोटी

सामने से छोटी मांग निकाल कर दोनों तरफ पिनअप करके सैट कर लें। इसके बाद केशों के 2 सैक्शन करें। पहले सैक्शन को बैक कांबिंग करके ऊंचा-सा पफ बना कर सैट कर लें और पोनीटेल बना लें। अब उस पोनीटेल के 2 भाग करें और दोनों भागों को विपरीत दिशाओं में ले जाकर सैट कर लें। उन पर फूल अथवा बीड्स से सजावट कर लें। बाकी बचे केशों की चोटी बना लें। उसे वेणी या मोतियों से सजा लें।

जूड़ा विद चोटी

यह स्टाइल हर उम्र की महिला पर सूट करता है। आम तौर पर मध्य उम्र की महिलाएं इस जूड़े को बनाना पसंद करती हैं। इसे बड़ी आसानी से घर पर ही तैयार किया जा सकता है। सब से पहले केशों को दोनों साइड से थोड़ा-सा पफ देकर पिनअप कर लें। पीछे पोनीटेल बना लें व इसके 6 भाग कर लें। 4 बड़े व 2 छोटे। केशों के इन भागों को उंगली पर रोल कर साइड में पिनअप कर लें। इसमें जूड़ा पिन के स्थान पर छोटी पिनों का इस्तेमाल करें। हर 1 रोल पर साथ-साथ स्प्रे भी करती जाएं। साइड के दोनों रोल्स को गोलाई देकर जूड़े के दोनों तरफ पिनअप करें और स्प्रे कर दें। इस पर खूबसूरत हेयर एक्सैसरीज से सजावट कर दें।



अगर आप भी करवाचौथ का व्रत पहली बार रख रही हैं तो...

सरगी में हो फल : अपने सरगी में केला, पपीता, अनार, सेब जैसे फल रखें। फलों के अंदर फाइबर होता है जो आपको एनर्जी देता है।

ऑयली और फ्राइड फूड से करें परहेज : इस दिन ऑयली और फ्राइड फूड ना खाएं। ऑयली और फ्राइड खाना हैवी होता है, अगर आपने सुबह परांठा या पकौड़ा खाया है तो आपको उपवास के दौरान चक्कर भी आ सकता है। आप अपने सरगी में मल्टीग्रेन चपाती और सब्जी या पनीर खा सकती हैं। सरगी की थाली में हैल्दी और लाइट खाना होना चाहिए।

चाय और कॉफी का न करें सेवन : अगर आप इस दिन व्रत रखने की तैयारी कर रही हैं तो सुबह सरगी के समय चाय या कॉफी न पिएं। चाय या कॉफी इंसान को डिहाइड्रेट करता है। अगर आप डिहाइड्रेट हो जाएंगी तो आपको पानी पीने का मन करेगा और इस दिन औरतें निर्जला व्रत रखती हैं। आप फ्रैश जूस, दूध या छांछ पी सकती हैं। आप अपने दिन की शुरु आत ग्रीन टी या आंवला जूस से भी कर सकती हैं। इनके एंटीऑक्सीडैंट आपको पूरे दिन एनर्जेटिक बनाए रखेंगे।

मीठी चीज न खाएं : इंस्टैंट मिठाई या कोई मीठी चीज खाने से परहेज करें और खजूर, अंजीर या एप्रीकॉट खाएं। ज्यादा मीठा खाने से ये आपको डिहाइड्रेट कर देगा और आपको हंगर पैंग्स महसूस होने लगेगा।

ड्राई फ्रूट का लें सहारा : इस दिन आप वॉलनट, बादाम और पिस्ताचियोज का सेवन करें। नट्स के अंदर प्रोटीन और एसैंशियल साथ होते हैं जो आपको पूरे दिन एनर्जेटिक रखेगा।



सरगी खाने के बाद करें आराम : सुबह-सुबह अपनी सरगी खत्म करने के बाद थोड़ी देर तक आराम करें। इस दिन आप अपने आपको ज्यादा काम में व्यस्त न रखें। अगर आप इस दिन प्राणायाम करेंगी तो यह आपको चक्कर जैसी परेशानियों से निजात दिलाएगा।

योगा करने से आपका ब्रीदिंग पैटर्न भी कंट्रोल में रहेगा और आपके बॉडी में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ेगा।

संक्षिप्त समाचार

औद्योगिक उत्पादन सितंबर में 6.7 प्रतिशत बढ़ा



नई दिल्ली। देश के औद्योगिक उत्पादन में सितंबर में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है जबकि पिछले साल इसी महीने में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत और इस साल अगस्त में 7.8 प्रतिशत थी। सितंबर में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत, बिजली एवं गैस आपूर्ति की 11.2 प्रतिशत और जलापूर्ति, सीवरेज तथा अपशिष्ट प्रबंधन का 5.8 प्रतिशत रहा। वहीं, खनन क्षेत्र में 6.2 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में अप्रैल से सितंबर 2026 तक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक 6.8 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले साल समान अवधि में यह 4.4 प्रतिशत बढ़ा था। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 फीसदी, बिजली एवं गैस आपूर्ति की 9.7 प्रतिशत और जलापूर्ति, सीवरेज एवं अपशिष्ट प्रबंधन की 6.3 प्रतिशत रही।

वेदांता का मुनाफा दूसरी तिमाही में 151 गुना बढ़कर 6,202 करोड़ पर



मुंबई। खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) में समेकित आधार पर 6,202 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 151 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने बुधवार को निदेशकमंडल की बैठक के बाद वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि तिमाही के दौरान समेकित राजस्व सालाना आधार पर 57 फीसदी बढ़कर 25,812 करोड़ रुपये रहा। तिमाही की समाप्ति पर कंपनी के पास 26,622 करोड़ रुपये की नकदी थी। साथ ही उसकी कुल देनदारी 30,297 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार, शुद्ध देनदारी 3,675 करोड़ रुपये रही जो तीन महीने पहले के 4,624 करोड़ रुपये से कम है।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेली की कीमतों में तेजी आई है। तेल की कीमतों में ये बढ़त ईरान के हूती विद्रोहियों की ओर से सऊदी अरब पर हमले के बाद आई हैं। इससे तेल की सप्लाई पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 1.48 डॉलर बढ़कर 115.36 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं अमेरिकी बास्केट का डब्ल्यूटीआई तेल भी 1.22 डॉलर बढ़कर 101.12 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। इससे पहले मंगलवार को तेल का भाव करीब 2 डॉलर कम हो गया था, लेकिन हमले के बाद यह फिर से बढ़ गया है।

शेयर बाजार : सीमित दायरे के कारोबार के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक टूटे

भू-राजनीतिक तनाव और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार पस्त

■ मुंबई



वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित कारोबार के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को खास कर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में बिकवाली के दबाव में गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स करीब 353 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी करीब 51 अंक गिर कर बंद हुआ। बाजार में कल भी नरमी थी। विश्लेषकों के अनुसार बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक की नीतिगत ब्याज तय करने वाली समिति की बैठक की प्रतीक्षा है और उससे पहले स्थानीय बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहने की संभावना है। बाजार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव, डॉलर-रुपया विनियम दर की दिशा भी प्रभावित करेगी। स्थानीय बाजारों में आज सुबह से ही बिकवाली का सिलसिला चल पड़ा था और शुरुआती गिरावट के बाद बैंकिंग शेयरों में मांग निकलने से बाजार कुछ संभलने लगा था लेकिन प्रमुख सूचकांक कल के स्तर से नीचे बंद हुए।

सेंसेक्स सुबह 73,253.44 अंक पर खुला और ऊपर में 73,525.44 तथा नीचे में 72,603.57 तक जाने के बाद अंत में 73,246.03 अंक पर बंद हुआ जो कल के बंद के समय के 73,598.67 अंक की तुलना में 352.64 अंक यानी 0.48 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इसी तरह निफ्टी भी गिरावट के साथ 22678.00 पर खुलने के बाद ऊपर में 22,778.05 और नीचे में 22,497.70 अंक ताक गिरने के बाद अंत में 22,698.85 पर बंद हुआ। यह कल के बाद के स्तर से 50.90 अंक यानी 0.22 नीचे है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के वेल्थ मैनेजमेंट प्रभाग के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति संबंधी घोषणा से पहले भारतीय शेयर बाजार के सीमित दायरे में कारोबार करने की संभावना है। बाजार को व्यापक रूप से उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को मौजूदा स्तर पर बनाए रखेगा। हालांकि, भविष्य में ब्याज दरों की दिशा को लेकर फेड का मार्गदर्शन निकट अवधि में बाजार की चाल के लिए महत्वपूर्ण होगा। 'उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें और रुपये की चाल भी निवेशकों के लिए प्रमुख निगरानी योग्य कारक बने रहेंगे।

बैंकों की बढ़त से मिला बाजार को सहारा

वहीं बीएसई बैंकेक्स 61,006.33 अंक पर 292.88 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़त में रहा, जबकि बीएसई आईटी 37,803.99 पर 572.13 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरावट में रहा। बीएसए के 30 में से 9 शेयर लाभ और 21 गिरावट के साथ बंद हुए। लाभ में रखे शेयरों में एलएंडटी 3.68 प्रतिशत, ट्रेंट 2.79 प्रतिशत, एसबीआई 1.23 प्रतिशत, एक्सिस 1.14 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.87 प्रतिशत और बजाज फाइनेंस 0.47 प्रतिशत लाभ में रहा इससे बाजार को सहारा मिला। मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा इंडिगो भी लाभ में रहे। घाटे में रहे प्रमुख शेयरों में रिलायंस 3.46 प्रतिशत, इन्फोसिस 3.34 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.83 प्रतिशत तथा टीसीएस में 1.68 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

जियो का शेयर 21 प्रतिशत प्रीमियम के साथ हुआ सूचीबद्ध

यह अभी शुरुआत है-आकाश अंबानी

■ मुंबई



रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 21 प्रतिशत से अधिक प्रीमियम के साथ बुधवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हो गया। इस अवसर पर एनएसई में आयोजित पारंपरिक 'बेल-रिंग' समारोह में एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंधन निदेशक मुकेश अंबानी, जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी, कोकिला बेन अंबानी, नीता अंबानी, ईशा अंबानी और अनंत अंबानी भी मौजूद थे।

आकाश अंबानी ने कहा कि आईपीओ में लोगों ने जैसी रुचि दिखाई वह 'हमारी उम्मीदों से कहीं अधिक' था। उन्होंने सभी घरेलू और वैश्विक निवेशकों को इसके लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि महज पहले 95 मिनट में ही जियो का आईपीओ 100 प्रतिशत सब्सक्राइब हो गया था। इसके लिए 7.5 लाख करोड़ रुपये की बोली मिली और 1.3 करोड़ से अधिक आवेदन आए। यह सब अभूतपूर्व था। उन्होंने कहा कि शेयर बाजार में सूचीबद्ध होना जियो की यात्रा का अंतिम पड़ाव नहीं बल्कि शुरुआती कदम है।

प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में जियो के शेयर का आवंटन 1,119 रुपये की ऊपरी सीमा पर हुआ था। कंपनी का शेयर आज 239 रुपये यानी 21.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,358 रुपये पर खुला। खबर लिखे जाते समय तक यह उसी स्तर के आसपास बना हुआ था।जियो का आईपीओ 21-23 अक्टूबर को आया था। कुल 30,213 करोड़ रुपये के देश से सबसे बड़े आईपीओ के लिए 22 गुना से अधिक बोली प्राप्त हुई थी। शेयरों का आवंटन 26 अक्टूबर को कर दिया गया है। एंकर निवेशकों को 19 अक्टूबर को 8,110 करोड़ रुपये के शेयरों का आवंटन किया गया था।श्री चौहान ने जियो प्लेटफॉर्म्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जियो प्लेटफॉर्म्स एनएसई पर सूचीबद्ध होने वाली 12वीं कंपनी है। इस साल अबतक 90 कंपनियों ने एनएसई पर आईपीओ के जरिये 90,000 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई है।

जियो ने शेयर बाजार में आते ही रिलायंस को बनाया बड़ा कारोबारी समूह

रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के बुधवार को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के साथ ही रिलायंस देश का सबसे बड़ा कारोबारी समूह बना गया है। जियो का शेयर 21 प्रतिशत से अधिक के प्रीमियम पर 1,358 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इसके साथ ही रिलायंस समूह की सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 28.9 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस गणना में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को शामिल नहीं किया गया है। अकेले रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 16.2 लाख करोड़ रुपये और जियो प्लेटफॉर्म्स का 12.5 लाख करोड़ रुपये है। टाटा समूह अब पहले से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उसका बाजार पूंजीकरण 25.6 लाख करोड़ रुपये हैं। अडानी समूह 16.6 लाख करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है। जियो प्लेटफॉर्म्स के शेयरधारकों की संख्या भी देश में सबसे ज्यादा है। कंपनी के कुल 79.8 लाख शेयरधारक हैं।

कपड़ा मंत्रालय पीएलआई योजना पोर्टल पर नवंबर से प्राप्त करेगा अर्जियां

■ नई दिल्ली

कपड़ा मंत्रालय टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत चौथे चक्र में नये आवेदन स्वीकार करने के लिए 1 नवंबर से 31 दिसंबर तक योजना का पोर्टल फिर से खोलने जा रहा है। यह जानकारी बुधवार को कपड़ा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में दी। इस पहल का उद्देश्य मानव निर्मित फाइबर से बने परिधानों, एमएमएफ फैब्रिक्स और तकनीकी वस्त्रों के विनिर्माण को बढ़ावा देना, घरेलू विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार करना, निवेश आकर्षित करना, रोजगार सृजित करना और वैश्विक टेक्सटाइल वैल्यू चेन में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

योजना के तहत अधिक से अधिक कंपनियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इसमें कुछ महत्वपूर्ण संशोधन भी किए गए हैं जिनमें न्यूनतम कारोबार की शर्त भी हल्की की गयी है। योजना के भाग-2 के तहत न्यूनतम टर्नओवर की आवश्यकता 200 करोड़ रुपये से घटाकर 100 करोड़ रुपये कर दी गई है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और मध्यम आकार की विनिर्माण इकाइयों को योजना में भाग लेने का अधिक अवसर मिलेगा। केवल चौथे चरण के तहत स्वीकृत आवेदकों के लिए योजना की अवधि बढ़ाकर वित्त वर्ष 2033-34 तक कर दी गई है।

शेयर बाजार में शानदार लिस्टिंग पर क्यों भावुक हुए मुकेश अंबानी



देश के सबसे बड़े 30,213 करोड़ रुपये के जियो प्लेटफॉर्म्स आईपीओ की ऐतिहासिक लिस्टिंग पर 69 वर्षीय मुकेश अंबानी अपने बच्चों आकाश, ईशा और अनंत अंबानी के संबोधन के दौरान भावुक हो गए। जब उनके तीनों बच्चों- आकाश, ईशा और अनंत अंबानी- ने मंच संभालकर पिता के त्याग, दूरदर्शिता और दादा धीरूभाई अंबानी की विरासत को याद किया, तो मुकेश अंबानी अपने आंसुओं को रोक नहीं सके और बार-बार अपनी आंखें पोंछते नजर आए। भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास में 30,213 करोड़ रुपये का देश का सबसे बड़ा आईपीओ पेश करने वाली कंपनी जिओ प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर ऐतिहासिक लिस्टिंग दर्ज हुई।

सोने-चांदी की कीमतों में नरमी

■ नई दिल्ली



घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में कमी आई है। अमरीकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत फैसलों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते निवेशक इस सप्ताह होने वाली फेड की बैठक पर सभी की नजरें बनी हुई हैं। राष्ट्रीय कमोडिटी एवं डेरिवेटिव एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के बेंचमार्क दिसंबर अनुबंध में शुरुआती कारोबार के दौरान 271 रुपये की गिरावट रही। यह 1,43,867 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर खुला, और बाद में 1,43,650 रुपये के करीब कारोबार करता नजर आया। इस साल सोने के वायदा भाव ने 1,80,779 रुपये प्रति 10 ग्राम का उच्चतम स्तर हुआ था। वहीं, चांदी के वायदा भाव में भी कमजोरी रही। एमसीएक्स पर चांदी का दिसंबर अनुबंध 617 रुपये टूटकर 1,96,010 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला और आगे चलकर 1,95,650 रुपये के स्तर के आसपास पहुंच गया। चालू वर्ष में चांदी ने 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड उच्च स्तर दर्ज किया था।

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर भी बहुमूल्य धातुओं में कमजोरी देखी गई। यहां सोने का वायदा भाव गिरावट के साथ 4,058.70 डॉलर प्रति औंस पर, जबकि चांदी 54.15 डॉलर प्रति औंस के आसपास कारोबार कर रही थी। बाजार जानकारों के अनुसार, मौजूदा समय में बाजार में तकनीकी रूप से शॉर्ट कवरिंग देखने को मिल रही है, जो कीमतों पर दबाव डाल रही है। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर, सोने को 1,42,740 रुपये के स्तर पर मजबूत सपोर्ट हासिल है, जबकि इसका ऊपरी प्रतिरोध 1,44,900 रुपये पर देखा जा रहा है। यदि कीमतें इस ऊपरी स्तर को पार करने में सफल होती हैं, तो भाव 1,45,670 रुपये तक बढ़ सकते हैं।

दीपावली से पहले महंगे कमर्शियल गैस सिलेंडर ने बढ़ाई व्यापारियों की चिंता

■ होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई विक्रेताओं का बढ़ सकता है लागत खर्च

■ नई दिल्ली



त्योहारी सीजन से ठीक पहले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों को लेकर आम जनता और व्यापारियों के बीच मिश्रित स्थिति देखने को मिल रही है। जहां घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम स्थिर बने हुए हैं, वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों के कारण होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई विक्रेताओं का लागत खर्च बढ़ सकता है। घरेलू गैस सिलेंडर के स्थिर दामों ने आम परिवारों को राहत दी है। राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 939.50 रुपए पर स्थिर बनी हुई है। मुंबई में यह 941.50 रुपए, कोलकाता में 968 रुपए और पटना में 1,031.50 रुपए प्रति सिलेंडर मिल रहा है।

इसके विपरीत 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की ऊंची कीमतों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की चिंताएं बढ़ा दी है। दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2,810 रुपए दर्ज की गई है। कोलकाता में इसका दाम 2,954 रुपए और पटना में 3,100.50 रुपए तक पहुंच गया है। अक्टूबर माह की शुरुआत में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में प्रति सिलेंडर 62.50 रुपए की वृद्धि की गई थी। जानकारों के मुताबिक दीपावली पर मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे कमर्शियल एलपीजी की खपत में भी भारी इजाफा होता है। ऐसे में कमर्शियल सिलेंडर का महंगा होना कारोबारियों के मार्जिन पर असर डाल सकता है। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी खाद्य पदार्थ की कीमत केवल ईंधन के दाम पर निर्भर नहीं करती, बल्कि उसमें दूध, चीनी, श्रम और कच्चे माल की लागत भी शामिल होती है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां वैश्विक बाजार के रुझानों और कच्चे तेल की कीमतों की समीक्षा के बाद हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी के नए दामों की घोषणा करती हैं।

एयर इंडिया-एसबीआई कार्ड ने की को-ब्रांडेड वीजा क्रेडिट कार्ड की घोषणा

■ नई दिल्ली



टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने बुधवार को एसबीआई कार्ड के साथ को-ब्रांडेड वीजा क्रेडिट कार्ड प्रोग्राम पेश करने की घोषणा की। एयरलाइंस ने बताया कि यह प्रोग्राम उसके 'महाराजा क्लब' लॉयल्टी प्रोग्राम के सदस्यों को यात्रा और जीवनशैली से जुड़े कई बेहतरीन लाभ प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य एयर इंडिया के लगातार बढ़ रहे 'फ्रीक्वेंट फ्लायर्स' और लॉयल्टी सदस्यों के लिए एक आकर्षक विकल्प तैयार करना है।


एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा, 'हम एयर इंडिया के साथ ग्राहकों के सफर के हर पहलू को बदल रहे हैं - चाहे वह हमारे बेड़े का आधुनिकीकरण हो, विश्व स्तरीय केबिन सुविधाएं हों, या हमारे वैश्विक नेटवर्क का विस्तार। इसके साथ ही, हम 'महाराजा क्लब' के जरिये देश का सबसे बेहतरीन लॉयल्टी पारितंत्र भी तैयार कर रहे हैं। हमें एक ऐसा को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड बनाने का शानदार अवसर दिख रहा है, जो ग्राहकों को उनके रोजमर्रा के खर्चों और उनकी यात्रा तथा जीवनशैली से जुड़ी इच्छाओं- दोनों के लिए बेहतरीन रिवॉर्ड दे सके।' एसबीआई कार्ड की प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलीला पांडे ने कहा, 'जैसे-जैसे लोगों की यात्रा संबंधी इच्छाएं बदल रही हैं और ग्राहक ऐसे अनुभव चाहते हैं, जो उन्हें अधिक वैल्यू और सुविधा दें, हमें उनकी यात्राओं में क्रेडिट कार्ड की भूमिका को नये सिरे से परिभाषित करने का एक बड़ा अवसर दिखाई देता है। एसबीआई कार्ड में हमारा ध्यान ऐसे खास क्रेडिट कार्ड पेश करने पर है, जो ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं, उनकी खर्च करने की जरूरतों और जीवनशैली की आकांक्षाओं के अनुरूप हों।

दिल्ली थोक जिंस बाजार : शकर सहित सभी जिंसों में तेजी

चावल 23 रुपए और गुड़ 32 रुपए प्रति क्विंटल महंगा

■ नई दिल्ली









घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को शकर की कीमतों में तेजी जारी रही। चीन के साथ चावल, गेहूं समेत सभी जिंसों के भाव बढ़ गये। मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 5,468 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। औसत दर्जे के चावल की कीमत 23 रुपये बढ़कर 4,344 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गुड़ भी 32 रुपये महंगा हुआ और 5,991 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत नौ पैसे बढ़कर 58.87 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। गेहूं 16 रुपये की बढ़त में 2,928 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे का भाव भी 11 रुपये बढ़ गया।

इसी के साथ दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 78 रुपये और उड़द दाल की 56 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। चना दाल 15 रुपये और मूंग दाल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं, मसूर दाल में 10 रुपये की गिरावट देखी गयी। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज पाम ऑयल का जनवरी वायदा 14 रिंगिट टूटकर 4,687 रिंगिट प्रति टन रह गया। दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत गिरकर 66.44 सेंट प्रति पौंड बोला गया।स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 107 रुपये और मूंगफली तेल की 103 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 78 रुपये और वनस्पति 69 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल 33 रुपये और सोया तेल 31 रुपये प्रति क्विंटल ऊपर रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे।

दाल-दलहन : दाल चना 8,611.56 रुपये, मसूर काली 8252.38 रुपये, मूंग दाल 10525.19 रुपये, उड़द दाल 11701.12 रुपये, तुअर दाल 12445.47 रुपये प्रति क्विंटल रही।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2928.90 रुपये और चावल 4343.70 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3372.98 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 5468.44 रुपये और गुड़ 5991.49 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 19832 रुपये, मूंगफली तेल 20121.40 रुपये, सूरजमुखी तेल 18291.05 रुपये, सोया तेल 15879.75 रुपये, पाम ऑयल 14556.39 रुपये और वनस्पति 16007.22 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

सेल का मुनाफा दूसरी तिमाही में चार गुना हुआ

■ कर्ज घटकर 20,583 करोड़ रुपए पर

■ नई दिल्ली



सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकल आधार पर 1,774 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले साल की समान तिमाही के 427 करोड़ रुपये का 4.15 गुना है। कंपनी ने आज वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने बताया कि तिमाही के दौरान कच्चे इस्पात का उत्पादन 48.5 लाख टन हो गया। इसमें 4.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं बिक्री 5.1 प्रतिशत बढ़कर 51.6 लाख टन हो गयी। परिचालन से कंपनी को प्राप्त राजस्व दूसरी तिमाही में 31,998 करोड़ रुपये और कर पूर्व लाभ 2,356 करोड़ रुपये रहा। इनमें क्रमशः 19.82 प्रतिशत और 326 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी है।

कंपनी ने बताया कि कर्ज कम करने के प्रयासों के कारण यह घटकर 30 सितंबर 2026 को 20,583 करोड़ रुपये रह गया। सेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ए.के. पांडा ने कहा, 'वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही में सेल का प्रदर्शन वैश्विक बाजार की अस्थिरता के बीच हमारी परिचालन क्षमता, वित्तीय सूझबूझ और रणनीतिक तत्परता को दर्शाता है। देश में बुनियादी ढांचे के मजबूत विकास और घरेलू स्तर पर इस्पात की बढ़ती मांग का लाभ उठाते हुए हमने दूसरी तिमाही में बिक्री की मात्रा में 24 प्रतिशत की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि हासिल की है। 'उन्होंने कहा कि इसमें मजबूत उत्पादन, कच्चे माल के बेहतर उपयोग और इस्पात की इन्वेंट्री में कमी का बड़ा योगदान रहा है। इसके अलावा, लौह अयस्क के उत्पादन और बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। श्री पांडा ने बताया कि कंपनी का मुख्य ध्यान तकनीकी-आर्थिक मापदंडों को बेहतर बनाने, लागत को तर्कसंगत रखने, इन्वेंट्री प्रबंधन को अनुशासित रखने और मुनाफे को बढ़ाने के लिए उच्च-स्तरीय उत्पादों की हिस्सेदारी बढ़ाने पर है।